हरिभूमि
# रायपुर भूमि




## पेड़ नहीं बनेंगे बाधा : स्टेशन परिसर के 100 साल पुराने पेड़ रहेंगे सुरक्षित, दूसरी जगह शिफ्ट करेगा रेलवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे के विकास कार्य में अब पेड़ बाधा नहीं बनेंगे। पेड़ों की जिंदगी बचाने के लिए रेलवे अब पेड़ों की दूसरी जगहों पर शिफ्टिंग करेगा। राजधानी के रेलवे स्टेशन का री-डेवलपमेंट कार्य 14 सितंबर से रेलवे सक्रिय रूप से ⏭ शेष पेज 15 पर

### पेड़ों को दूसरी जगह शिफ्ट करेंगे

स्टेशन परिसर के पुराने पड़े को नहीं कांटा जाएगा। इन्हें दूसरी जगह पर शिफ्ट करेंगे। 14 या 15 सितंबर को इस कार्य से रि-डेवलपमेंट कार्य शुरू करने की तैयारी है। सुपेला भी में 20 से अधिक पेड़ों की जिंदगी बचाने का कार्य किया है।
- **अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएमस, रायपुर मंडल

### जल्द शुरू होगा परिसर में तोड़फोड़ का कार्य

स्टेशन री-डेवलपमेंट कार्य के लिए निर्माण एजेंसी ने रेत, गिट्टी और अन्य जरूरी सामान लाना शुरू कर दिया है। गुरुवार को पुराने रेलवे क्वार्टर को तोड़ा गया है। जल्द ही अब परिसर में भी तोड़फोड़ का कार्य भी शुरू हो जाएगा। रेलवे का कहना है कि री-डेवलपमेंट कार्य इस तरह करेंगे कि स्टेशन पहुंच रहे लोगों को कोई दिक्कत न हो। अस्थाई बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा, जिसके बाद कमर्शियल विभाग को यहां शिफ्ट किया जाएगा। री-डेवलपमेंट का कार्य अपने निर्धारित समय से पहले ही लेट हो चुका है। ऐसे में अब रेलवे जल्दी काम शुरू करना चाहता है।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीण थानों का निरीक्षण करने पहुंचे एसएसपी

**रायपुर।** त्योहारी सीजन को देखते हुए एसएसपी संतोष सिंह ग्रामीण थाना क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। एसएसपी खरोरा, तिल्दा-नेवरा, सिलयारी चौकी और विधानसभा थाने पहुंचे, जहां पुलिस बल को ब्रीफ कर चर्चा की। खरोरा में विजिट के दौरान वहां गणेशोत्सव के पूर्व बैठक के लिए आए शांति समिति के सदस्यों से चर्चा की और सुरक्षा संबंधी सावधानियां बरतने को कहा। सभी जगह थानों में त्योहार पूर्व बदमाशों पर कार्रवाई तेज करने के एसएसपी ने निर्देश दिए।

### बड़े भाई ने छोटे भाई की चाकू मारकर की हत्या

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में शराब पीने के विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई की बुधवार देर रात चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। भाठागांव निवासी पेशे से सब्जी व्यवसायी डोमार साहू ने चंदन साहू की हत्या की है।

ओवररेटिंग पर आबकारी विभाग एक्शन मोड पर

# शराब दुकानों में ओवररेटिंग पर सख्ती 70 कर्मचारी बर्खास्त, ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले की शासकीय शराब दुकानों में ओवर रेटिंग पर लगाम कसने के लिए आबकारी विभाग अब एक्शन मोड पर आ चुका है। इसके तहत विभाग में ओवर रेट पर शराब बेचने वाले कर्मचारियों को बर्खास्त करने की कार्रवाई की जा रही है। पिछले कुछ दिनों के दौरान विभाग ने जिले की विभिन्न शराब दुकानों में ओवर रेट पर शराब बेचने की जांच की। इस दौरान 70 कर्मचारियों को ओवर रेट पर शराब बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। इन सभी कर्मचारियों को बर्खास्त करते हुए ब्लैक लिस्टेड किया गया है। गौरतलब है, पूर्ववर्ती सरकार के दौरान शराब दुकानों में थोक में ओवर रेटिंग की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद भी दुकानों के कर्मचारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इससे खरीदारों को निर्धारित रेट से अधिक पैसे देकर शराब खरीदने ⏭ शेष पेज 15 पर

### ओवर रेटिंग करने वालों की खैर नहीं

शराब दुकानों में काम करना है तो तय दर पर ही शराब बेचे कर्मचारी, नहीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। वर्ष 2023 में एक साल में ओवर रेटिंग मामले में उंगलियों की संख्या के बराबर कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी, लेकिन पिछले 4 महीने में 70 कर्मचारियों को बर्खास्त कर ब्लैक लिस्टेड किया है। ओवररेटिंग की जांच लगातार जारी रहेगी।
- **विकास गोस्वामी,** उपायुक्त आबकारी विभाग रायपुर





### 70 कर्मचारियों को किया गया बर्खास्त

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत विभाग ने देशी-विदेशी शराब दुकानों में कार्य करने वाले 70 कर्मचारियों को ओवर रेटिंग के मामले में बर्खास्त किया है। इन सभी कर्मचारियों को ब्लैक लिस्टेड भी किया है, ताकि भविष्य में इनमें से किसी भी कर्मचारी को शराब दुकान में नौकरी नहीं मिल पाए।

### ओवर रेट पर शराब बेच रहे कर्मचारियों को ग्राहक की मदद से पकड़ा गया

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक तारीख से शराब की दरों में वृद्धि की गई है। इस वृद्धि के बाद शराब दुकानों में कहीं-कहीं पर कर्मचारियों द्वारा ओवर रेट पर शराब बेचने की सूचनाएं विभाग तक पहुंच रही थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग ने ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत जिले में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों की अलग-अलग टीम गठित की गई है। यह टीम दुकानों में ग्राहकों के माध्यम से विभिन्न ब्रांड की शराब की खरीदी करवा रही है। इस दौरान जिस दुकान में किसी भी कर्मचारी द्वारा ओवर रेट पर शराब बेची जा रही है, उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जा रही है। कर्मचारी को बर्खास्त करने के साथ ब्लैक लिस्टेड किया जा रहा है।

### इन शराब दुकानों के कर्मचारियों को किया गया बर्खास्त

विभाग ने कम्पोजिट टण्डवा के मिथलेश यद्धु, शान्तनु कुमार रात्रे, ठाकुर सिंह राय, विदेशी मदिरा दुकान स्टेशन रोड के दिलीप कुमार सिन्हा, कम्पोजिट नेवरा के योगेश्वर चतुर्वेदी, अजय कुमार लहरी, संतराम पात्रे, हेमंत कुमार कोसले, विदेशी मदिरा दुकान व्यास तालाब के पोषण साहू, गंगाधर खरे, विदेशी मदिरा दुकान मेटल पार्क के भूषण निषाद, विदेशी मदिरा दुकान कुर्रा के तमराज महिपाल, विदेशी मदिरा दुकान लालपुर के आयुष जायसवाल, भावेश भारती, विदेशी मदिरा दुकान लाभाण्डी के भांग चन्द्र धृतलहरे, देशी मदिरा अभनपुर के भुवन लाल बांधे, विदेशी मदिरा दुकान अभनपुर के ⏭ शेष पेज 15 पर

# छात्रावास अधीक्षिका पर प्रताड़ना का आरोप सड़क पर उतरीं छात्राएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ एसटी-एससी कन्या छात्रावास का मामला

राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी स्थित पोस्ट मेट्रिक अनुसूचित जनजाति-अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास की छात्राओं ने अधीक्षिका आरती निकोसे को पद से हटाने की मांग करते हुए सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। छात्राओं ने अधीक्षिका पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इधर, शिक्षक दिवस के दिन छात्राओं के सड़क पर प्रदर्शन करने की खबर मिलते ही आदिवासी विकास विभाग से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद ⏭ शेष पेज 15 पर

### प्रारंभिक जांच के बाद अटैच किया

छात्राओं की शिकायतों की प्रारंभिक जांच के बाद अधीक्षिका के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अटैच कर दिया है। अधीक्षिका का प्रभार दूसरे को दिया गया है। आदेश के बाद भी प्रभार नहीं छोड़ने से छात्राएं नाराज थी। जांच होने तक अधीक्षिका का प्रभार अब नई अधीक्षिका को दे दिया है।
- **विजय कंवर,** सहायक आयुक्त, जिला आदिवासी विकास विभाग रायपुर

### सात दिन में जांच कर रिपोर्ट देगी कमेटी

इस मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। सात दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।
- **विश्वदीप,** सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

FAYDE KE 20 DIN
2nd SEP - 22nd SEP
RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक®
BATH & SANITARY | TILES | STONES
PLYWOOD | VEENER | LAMINATE
HARDWARE | WELLNESS | WINDOWS
Limited Time.
Unlimited Fayde!
● Discounts on all product range
● Get discount vouchers for next purchase
● Upto 70% OFF On selected products
AND MANY MORE...
KOHLER | Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES | hansgrohe | icon WORLD OF TILE | fima CARLO FRATTINI | FlexStone | Oyster | haique Quartz | Marble | Terrazo | HÄFELE | SABURI PLYWOOD
OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Dhamtari Road, Devpuri 851 8882010
BILASPUR Vyapar Vihar Chowk 8518882030
JAGDALPUR Chitrakote Road 8518882020
SUNDAY OPEN

श्री
# Davara University

UGC Approved University



## B.Sc. & M.Sc. in FORENSIC SCIENCE

### Career Opportunities

- Crime Scene Investigators
- Forensic Analysts in laboratories
- Expert witness in courts
- Forensic Pathologists
- Digital Forensics Experts
- Forensic Psychologists
- Forensic Anthropologists
- NAB , FIA & Military

**प्रवेश हेतु अंतिम तिथि - 14 सितम्बर 2024**

## Programs Offered

**Science**

B.Sc., B.Sc. Hons
- Biotechnology
- Microbiology
- Forensic Sc.
- CS & IT
- Bioinformatics
- Forestry & Wild Life
- Nutrition and Dietetics
- Yoga

M.Sc.
- Biotechnology
- Microbiology
- Forensic Sc.
- CS & IT
- Bioinformatics
- Forestry & Wild Life
- Nutrition and Dietetics
- Yoga

**Arts & Humanities**

BA, BA Hons
- Yoga
- BSW
- Home Science
- Palmistry

Bachelor of Rural Studies

MA
- Yoga
- MSW
- Home Science
- Education

Master of Rural Studies

**Design**
- BA (Fashion Design)
- B.Sc. (Fashion Design)
- B.Sc. (Interior Design)
- MA (Fashion Design)
- M.Sc. (Fashion Design)
- M.Sc. (Interior Design)

**Management & Commerce**
- B.Com
- B.Com Hons
- M.Com
- BBA
- MBA
- PGDBA
- PGDRD

**Journalism & Mass Communication**
- BJ
- MJ
- BAJMC
- MAJMC
- BA / MA (Photography)
- B.Sc. (Animation)
- BA/ MA (Film Making)
- M.Sc. (Animation)

**Hotel Management**
- BBA Hotel Management
- BBA Hospitality Management
- BA/MA (HTM)
- MHMCT
- DHMCT
- BHMCT
- BA / MA (TTM)

**Library & Information Science**
- B. Lib I. Sc.
- M. Lib I. Sc.

**IT & Computer Science**
- DCA
- PGDCA
- BCA
- MCA
- B.Sc. CS/IT
- M.Sc. CS/IT

**Vocational Programs**

Bachelor of Vocation (B. Voc.)
- Farm Equipment & Machinery
- Software Development
- Renewable Energy
- Jewellery Design
- Theatre & Acting
- Nursery Teacher Training

**Research**
- Ph.D.
- Ph.D. (Part time)

## Inspiring reasons to choose DU

- Affordable Tuition Fees
- Smart Class Rooms
- Strong Placement Cell
- Separate Hostels for Boys & Girls
- Indoor & Outdoor Sports Facilities
- Affordable Transport

**100% Scholarship*** For School Toppers

**50% Scholarship*** For Girls

**No age limit** For UG & PG Program

*T&C Apply

Khanna

Scan for website visit


www.shridavarauniversity.com

**Campus :** Davara Educational Campus, NH-30, Naya Raipur (C.G.)
**Admission Office :** In-front of Telibandha Talab, Raipur (C.G.)

9201737170, 71, 72, 73

## निधन

### शंभूलाल सोनी



रायपुर। पुरानी बस्ती लोहार चौक निवासी शंभूलाल सोनी (82) का 4 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे संजय, सुनील, सुरेंद्र, सूरज और सुभाष सोनी के पिता थे।

### बीरेश विश्वकर्मा



रायपुर। लोहार चौक पुरानी बस्ती निवासी बीरेश विश्वकर्मा (68) का 4 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे निखिल विश्वकर्मा के पिता थे।

### सरिता बोधवानी



रायपुर। संकल्प वाटिका के सामने समता कॉलोनी निवासी कु. सरिता बोधवानी का 5 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 सितंबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट जाएगी। वे भगवानदास बोधवानी की पुत्री थीं।

### नानकीदेवी ठाकुर



रायपुर। सेक्टर-3, वाचनालय डीडीनगर निवासी नानकीदेवी ठाकुर का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 सितंबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सूरज ठाकुर की माता थीं।

### संचय सान्याल



रायपुर। तुलसी विला खम्हारडीह निवासी संचय सान्याल का 5 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 सितंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सुप्रियो सन्याल एवं शोमा सन्याल के पुत्र और संदीप सन्याल के भतीजे थे।

### विमलादेवी चांडक



रायपुर। टैगोर नगर निवासी विमला देवी चांडक का 5 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सूरज, गोपाल, श्यामसुंदर, वेणुगोपाल चांडक की भाभी थीं।

# मच्छर उन्मूलन के लिए 3 माह में 1 करोड़ 3 लाख खर्च करेगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम शहर को मच्छरों से मुक्त करने 3 माह में 1 करोड़ 3 लाख रुपए खर्च करेगा। दुर्ग की शिवांगी एजेंसी को इस कार्य का ठेका मिला है। चयनित एजेंसी शहर के 70 वार्डों में एक साथ मच्छर उन्मूलन के लिए अभियान चलायेगी। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने पहली बार किसी एजेंसी को पूरे शहर को मच्छरमुक्त करने ठेका दिया है। इसके लिए निगम मुख्यालय से जल्द वर्कआर्डर होगा। अनुबंध की शर्त के हिसाब से चयनित एजेंसी को इस कार्य के लिए शहर में 100 कर्मचारी रखना होंगे। मच्छरों पर काबू पाने में असफल नगर निगम अब 70 वार्डों में इनका खात्मा करने निजी एजेंसी की मदद लेगा। इसके लिए 3 माह में 1 करोड़ 24 लाख का बजट रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने एजेंसी तय करने ग्लोबल टेंडर किया। इसमें दुर्ग, नागपुर, रायपुर, भिलाई की एजेंसियों ने निविदा भरी। किसी ने 1 लाख 20 हजार, किसी ने 1 लाख 13 हजार और किसी ने 1 लाख 24 हजार का रेट कोड किया।

## दुर्ग की शिवांगी टेंडर्स को मिला ठेका, जल्द होगा वर्कआर्डर

### मुख्यालय में कंट्रोलरूम टोल फ्री नंबर होगा जारी

योजना के मुताबिक शहर भर में मच्छर उन्मूलन के कार्य पर नजर रखने नगर निगम मुख्यालय में कंट्रोलरूम खोला जायेगा। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की देखरेख में यह कंट्रोलरूम संचालित होगा। आम जनता शहर के विभिन्न इलाकों से टोल फ्री नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगी। इसके लिए अलग से टोल फ्री नंबर जल्द जारी किया जायेगा।



### शिकायत वाले एरिया पर पहले फोकस

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अनुबंधित एजेंसी मच्छर उन्मूलन के लिए ऐसे इलाकों पर पहले फोकस करेगी, जहां से पब्लिक फीडबैक के साथ टोलफ्री नंबर पर शिकायत प्राप्त हो रही है। अनुबंधित एजेंसी का काम संतोषजनक पाये जाने पर अनुबंध की अवधि को राज्य शासन से अनुमति लेकर एक माह के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है। कुल मिलाकर परफार्मेंस बेस भुगतान ठेका एजेंसी को किया जायेगा।

### दुर्ग की एजेंसी को ठेका

मच्छर उन्मूलन के लिए किए गये टेंडर में सबसे कम दर दुर्ग की शिवांगी ट्रेडर्स ने भरा है। इसके लिए जल्द वर्कआर्डर होगा। इससे पहले चयनित एजेंसी अपना प्रेजेंटेशन निगम मुख्यालय में देगी।

- डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर


## पुरानी बस्ती थाने की पुलिस महिलाओं की शिकायत पर अपराध दर्ज कर जांच में जुटी

# बीएसयूपी, ईडब्लूएस मकान में रहने वाली महिलाओं के अकाउंट में करोड़ों रुपए का संदिग्ध ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार दिलाने का झांसा देकर उनके आईडी प्रूफ से बैंक में सैकड़ों की संख्या में अकाउंट खुलवाकर 15 करोड़ रुपए से ज्यादा का संदिग्ध ट्रांजेक्शन करने का मामला सामने आया है। पुरानी बस्ती पुलिस ने महिलाओं की शिकायत पर कथित तौर पर नारी संगठन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। ऐसी ही एक शिकायत सिविल लाइंस थाना में भी सामने आई है। पुलिस ने शोभा ठाकुर के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत अपराध दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक बीएसयूपी कालोनी निवासी कोमल सेंद्रे तथा अन्य महिलाओं की शिकायत पर शोभा ठाकुर के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज की गई है। कोमल तथा अन्य महिलाओं ने पुलिस को बताया है कि शोभा ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर इंडिया हेल्प पाइंट डॉट कॉम, नारी शक्ति संगठन नाम से संस्था बनाकर उन्हें अपनी संस्था में जोड़ा। संस्था में जोड़ने के बाद महिलाओं से सदस्यता शुल्क लेकर रोजगार देने का झांसा दिया।



इंडिया हेल्प पॉइंट डॉट कॉम
और "नारी शक्ति संगठन" की उद्देश्य !

नाम
पति / पिता का नाम
जन्म तारीख — आयु — शिक्षागत योग्यता
पता
जिला — राज्य — मोबाइल नंबर
फोटो

### अकाउंट में पैसा आने का झांसा देकर खाता खुलवाया

महिलाओं के मुताबिक सदस्यता शुल्क लेने के बाद किसी तरह से रोजगार नहीं मिलने पर महिलाओं ने शोभा से संपर्क किया, तो उसने महिलाओं को अकाउंट खुलवाने के बाद रकम सीधे अकाउंट में जमा होने का झांसा दिया। इसके बाद शोभा ने महिलाओं की आईडी प्रूफ लेकर बैंक में अकाउंट खुलवाने के साथ उनके नाम से सिम कार्ड अलॉट कराया। अकाउंट खुलवाने के बाद बैंक पास बुक, एटीएम तथा सिम कार्ड शोभा ने अपने पास रख लिए।





### ट्रांजेक्शन किनके लिए अब तक स्पष्ट नहीं

शोभा ठाकुर ने जिन गरीब तबके की महिलाओं के नाम से बैंक में अकाउंट खुलवाए हैं, उन अकाउंट में करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन शोभा ने किनके लिए किया, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। पुलिस ट्रांजेक्शन को लेकर बैंक से डिटेल लेने के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### संस्था में तीन सौ से ज्यादा सदस्य

थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक शोभा ठाकुर ने महिलाओं के नाम पर कर्नाटका बैंक में अकाउंट खुलवाया है, जिसमें 15 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन अब तक किया गया है। शोभा ठाकुर के रजिस्टर में तीन सौ से ज्यादा महिलाएं सदस्य हैं। थाने में अभी केवल 14 महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई है। मामले की सही तरीके से पड़ताल करने पर सैकड़ों महिलाओं के नाम पर अकाउंट खोले जाने की जानकारी पुलिस को मिल सकती है और बैंक में ट्रांजेक्शन का आंकड़ा बढ़ सकता है।

### किराए के अकाउंट से ट्रांजेक्शन

महादेव सट्टा एप तथा ऑनलाइन फ्रॉड की घटना में छत्तीसगढ़ के बैंक अकाउंट तथा सिम कार्ड के इस्तेमाल करने का मामला सामने आ चुका है। पुलिस को आशंका है कि शोभा ठाकुर ने महिलाओं को झांसे में लेकर उनके बैंक अकाउंट जालसाजी करने वाले या फिर महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों के लिए नहीं कर रही थी। पुलिस को शोभा के पास से सिम कार्ड तथा बैंक पास बुक बरामद नहीं हुआ है। इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि शोभा ने जिन महिलाओं के नाम से बैंक अकाउंट खुलवाने के साथ सिम कार्ड इश्यू कराया है, वह किसी को बेच तो नहीं दिया।

### सिविल लाइंस में भी शिकायत दर्ज

एक अन्य मामले में संतोषी नगर निवासी शेख जलालुद्दीन उनकी पत्नी तथा एक अन्य महिला सोनिया अग्रवाल ने सोहेल नामक व्यक्ति के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शेख जलालुद्दी ने अनुसार सोहेल ने संतोषी नगर, संजय नगर तथा भाठागांव की सैकड़ों महिलाओं के नाम से सिविल लाइंस स्थित एयू बैंक में अकाउंट खुलवाया है। इनका आरोप है की सोहेल ने घर बैठे रोजगार दिलाने का झांसा देकर उनके नाम से अकाउंट खुलवाकर एटीएम तथा पास बुक अपने पास रख लिया है। जिन लोगों के नाम से सोहेल ने अकाउंट खुलवाया है उन लोगों के नाम से अब तक 40 लाख रुपए ट्रांजेक्शन किया है।

# एपी त्रिपाठी की जमानत खारिज माइनिंग घोटाला के आरोपियों की रिमांड तीन माह के लिए बढ़ाई

- सेवानिवृत्त आईएएस टूटेजा की न्यायिक रिमांड 13 दिनों तक बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शराब घोटाला तथा माइनिंग घोटाला को लेकर गुरुवार को स्पेशल कोर्ट में सुनवाई की गई। शराब घोटाला मामले में आबकारी विभाग के विशेष सचिव रहे एपी त्रिपाठी की ईडी की स्पेशल कोर्ट ने जमानत खारिज कर दी। शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा की स्पेशल कोर्ट ने न्यायिक रिमांड अवधि 13 दिनों तक बढ़ाने का आदेश जारी किया है।

एपी त्रिपाठी ने शराब घोटाला मामले में अपनी संलिप्तता से इनकार करते हुए घोटाला में किसी भी तरह की भूमिका होने से इनकार करने के साथ अपनी बीमारी का हवाला देकर कोर्ट में जमानत आवेदन पेश किया था। अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध करते हुए कोर्ट को बताया कि प्रकरण की जांच के दौरान शराब घोटाले में महत्वपूर्ण भूमिका मिली है। संलिप्ता के इनपुट मिलने पर गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जमानत नहीं दिए जाने का अनुरोध किया। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद जमानत को खारिज कर दिया।

### इनकी रिमांड तीन माह तक बढ़ाई गई

माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल भेजे गए निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, राज्य सेवा के प्रशासनिक अधिकारी रही सौम्या चौरसिया, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, मनीष उपाध्याय सहित अन्य लोगों की न्यायिक रिमांड अवधि 3 महीने के लिए कोर्ट ने बढ़ा दी है। अब इस प्रकरण की सुनवाई 5 दिसंबर को होगी। गौरतलब है कि ईओडब्ल्यू ने माइनिंग घोटाले में 17 लोगों को आरोपी बनाया है। इसमें से 16 को न्यायिक रिमांड पर जेल और रजनीकांत तिवारी को पूछताछ के लिए 12 सितंबर तक रिमांड पर लिया है।

# शहर में थर्ड जेंडर खोलना चाहते हैं ब्यूटी पार्लर, निगम को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कांजी हाउस कांप्लेक्स में स्पेस देने निगम तैयार

राजधानी में कुछ थर्ड जेंडर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने ब्यूटी पार्लर खोलना चाहते हैं। उन्होंने इसके लिए नगर निगम में बाकायदा आवेदन दे रखा है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित विभागीय अधिकारियों ने इस आवेदन पर विचार कर तय किया कि अगर तृतीय लिंग समुदाय आत्मनिर्भर बनना चाहता है, तो उन्हें कारोबार के लिए नगर निगम स्पेस देगा। शहर में थर्ड जेंडर को ब्यूटी पार्लर खोलने नगर निगम गांधी मैदान के कांजी हाउस परिसर में दुकान देने तैयार है। इस परिसर में कुछ कमरे खाली हैं, जिन्हें नगर निगम ने उन्हें ब्यूटी पार्लर के लिए देने की तैयारी कर ली है। गुरुवार को नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा के साथ





कांजी हाउस परिसर का जायजा लिया। निगम आयुक्त ने इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन 4 के कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा को निर्देश दिए कि नियमों के अनुरूप इस अलाटमेंट पर कार्यवाही शुरू की जाये। यह पहल तृतीय लिंग समुदाय को स्वावलंबी बनाने के लिए शासन की योजना के अनुरूप की जायेगी। उन्हें नगर निगम स्पेस फ्री में नहीं देगा, बल्कि नियम अनुसार लीज रेंट या किराया लिया जायेगा। कांजी हाउस परिसर की खाली दुकाननुमा स्पेस को व्यवस्थित कर उसे थर्ड जेंडर को एलाट किया जायेगा, ताकि वे जल्द ही पार्लर खोलकर अपना कारोबार शुरू कर सकें।

## उत्कल समाज मनाएगा नुआखाई पर्व, मुख्यमंत्री का जताया आभार



रायपुर। उत्कल समाज द्वारा शहरभर में नुआखाई महापर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। उत्कल महिला महामंच की प्रदेशाध्यक्ष सावित्री जगत ने बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने समाज की ओर से मुख्यमंत्री को अपने किए गए वादों को निभाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर श्रीमती जगत ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उत्कल समाज की बहुलता वाले जिलों में अवकाश की घोषणा की। उन्होंने समाज की मांग पर उत्कल समाज को राजधानी रायपुर में सामाजिक भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने और बुढ़ी मां मंदिर के जीर्णोद्धार की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने समाज को यह भी आश्वस्त किया कि उत्कल गाड़ा समाज के विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र बनाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि समाज की उचित मांगों को पूरा किया जाएगा।

# ऑटोमोबाइल बाजार गणेशोत्सव पर 11 दिनों तक रहेगा गुलजार

## 30 हजार से ज्यादा वाहन बिकने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणेश चतुर्थी शनिवार को है। इस दिन से लेकर 11 दिनों तक लगातार ऑटोमोबाइल सेक्टर गुलजार रहेगा। गणेशोत्सव में 11 दिनों तक खरीदी को शुभ माना जाता है। ऐसे में इन दिनों में प्रदेशभर में 30 हजार से ज्यादा वाहन बिकने का अनुमान है। इस समय तो चारपहिया वाहनों का भी सभी के पास भारी स्टॉक है। ऐसे में ग्राहकों को अपनी पसंद का मॉडल भी मिलने में परेशानी नहीं होगी।

त्योहारी सीजन का अब गणेश चतुर्थी से आगाज हो रहा है। इसके बाद लगातार बाजार में बूम रहेगा। गणेश चतुर्थी से ही वाहनों की भारी बिक्री प्रारंभ होती है। यह ऐसा अवसर रहता है जब ग्राहक किसी भी दिन जाकर वाहन की खरीदी कर लेते हैं। इसके लिए किसी मुहूर्त की जरूरत नहीं होती।



### 10 हजार कारों का स्टॉक ज्यादा

प्रदेश में बीते साल तक चारपहिया वाहनों की चार से साढ़े चार हजार के आस-पास बिक्री हर माह होती थी, लेकिन इस साल से यह आंकड़ा छह हजार के आस-पास पहुंच गया है। आमतौर पर डीलर 10 से 15 दिनों का स्टॉक रखते हैं। यानी दो हजार के आस-पास चार पहिया वाहनों का स्टॉक डीलरों के पास रहता है, लेकिन इस समय डीलरों के पास दो माह का स्टॉक होने के कारण डीलरों के पास करीब 12 हजार कारें हैं जो सामान्य स्टॉक से 10 हजार ज्यादा हैं। ऐसे में इस बार त्योहारी सीजन में ज्यादातर मॉडल ऑन डिमांड मिल जाएंगे।

### सबसे ज्यादा बिकेंगी बाइक

गणेशोत्सव में सबसे ज्यादा बिक्री बाइक की होने का अनुमान है। आटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक संभावना है कि रोज करीब ढाई से तीन हजार बाइक की बिक्री प्रदेश भर में हो जाएगी। ऐसा होने से प्रदेश में बाइक की ही करीब 30 हजार से ज्यादा बिक्री हो जाएगी। जहां तक चार पहिया वाहनों का सवाल है इसकी 11 दिनों में तीन से चार हजार के आस-पास बिक्री का अनुमान है। इस समय सबसे बड़ी बात यह है कि चार पहिया वाहनों में ज्यादातर मॉडल ऑन डिमांड मिल रहे हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि देश भर में चारपहिया वाहन बनाने वाली कंपनियों में भारी उत्पादन होने के कारण अब डीलरों के पास भारी संख्या में वाहनों का स्टॉक आ रहा है। अपने प्रदेश छत्तीसगढ़ में भी डीलरों के पास इस समय दो माह का स्टॉक हो गया है। आमतौर पर डीलर ज्यादा से ज्यादा 15 दिनों का स्टॉक रखते हैं, लेकिन ज्यादा सप्लाई के चलते अब स्टॉक ज्यादा हो गया है। बीते माह मानसून के कारण वाहनों की बिक्री भी ज्यादा नहीं हो सकी है। अब इस माह से त्योहारी सीजन का प्रारंभ हो रहा है तो बिक्री की रफ्तार तेज होने की संभावना है। वैसे भी इस साल प्रदेश में चार पहिया वाहनों की बिक्री टॉप गियर में चल रही है। बीते छह माह में हर माह 25 से 30 फीसदी ज्यादा वाहन बीते साल से बिके हैं। इसलिए डीलरों के लिए ज्यादा स्टॉक परेशानी का कारण नहीं है। वैसे कुछ मॉडलों की जहां डिमांड कम है, वहीं इनोवा हाईक्रास में एक बार फिर से करीब तीन माह की वेटिंग हो गई है।

### 11 दिनों तक होगी अच्छी बिक्री

गणेशोत्सव में ग्राहक हर दिन को शुभ मानकर खरीदारी करते हैं। ऐसे में 11 दिनों में आटोमोबाइल सेक्टर में जमकर बिक्री होने का अनुमान है। वैसे भी इस साल बीते साल से अब तक बाजार में 25 से 30 फीसदी ज्यादा कारोबार हर माह हो रहा है।

पुनीत पारवानी, संचालक, जीके होंडा


// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4764 दिनांक 30.05.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एम.आई.जी.-। फ्लैट, प्रथम-तल-02/105, को श्रीमती राजवंती शर्मा पति श्री नाथू राम शर्मा, के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 06/06/2016 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती राजवंती शर्मा पति श्री नाथू राम शर्मा, निवासीः- भारद्वावज निवास ए-17/2, सेक्टर-03, उदय सोसायटी, तेलीबांधा रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती किरण देवी पति श्री नरेन्द्र कुमार, निवासीः- एफ-403, अविनाश प्राइड, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, टाटीबंध, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर-29, में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एम.आई.जी. - । फ्लैट, प्रथम-तल-02/105, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)

शपथ पत्र
समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय, रायपुर (छ.ग.)

कि मैं संतोष कुमार बरेठ पिता स्व. प्रहलाद राम बरेठ जो की स्वदेश मेटैलिक प्रा.लि. में मैनेजर के पद पर पदस्ते हु जो की शपथ पूर्वक निम्नानुसार कथन करता हूँ निम्नलिखित विक्रय कृत का विवरण

1. (1) विक्रेता रूपसिंग क्रेता आनंद अग्रवाल रजिस्ट्री दिनांक 30-12-2011 डाकुमेंट सीरियल क्र. 1375 केस्दा, प.ह.न.19 रा.नि.म. हतबंद तहसील सिमगा जिला बलौदा बाजार छ.ग. में स्थित खसरा क्र. 2545. रकबा 0.310 हेक्ट (2) दानदाता सत्रुहन वर्मा दान प्राप्तकर्ता नरेश कुमार वर्मा रजिस्टी दिनांक 07-11-2022 2011 डाकुमेंट सीरियल क्र. 1761 ख.नं. 2520,2524,2043/1,2457 रकबा 0.620 हेक्ट (3) (विक्रेता) निक्की अग्रवाल (क्रेता) जोधिराम यादव रजिस्ट्री दिनांक 10-06-2020 डाकुमेंट सीरियल क्र. 363 ख. नं. 2522/2 एवं 2525 रकबा 0.810 हेक्टयर (4) विक्रेता सौरभ अग्रवाल (क्रेता) निक्की अग्रवाल रजिस्ट्री दिनांक 21-12-2017 डाकुमेंट सीरियल क्र. 1187 ख.न. 2522 का भाग 2523 का भाग 2525,2526 का भाग 2528,2529 का भाग एवं 2530 रकबा 3.8200 हेक्टेयर (5) विक्रेता निक्की अग्रवाल (क्रेता) तिजुउ राम यादव रजिस्ट्री दिनांक 10-06-2020 डाकुमेंट सीरियल क्र. 361 खसरा न.2523/2 एवं 2529/2 रकबा 0.7300 हेक्टेयर (6) विक्रेता सौरभ अग्रवाल (क्रेता) देवेन्द्र कुमार यादव रजिस्ट्री दिनांक 11-01-2018 डाकुमेंट सीरियल क्र. 1325 खसरा न. 2575 एवं 2529 का भाग रकबा 0.8000 हेक्टेयर (7) विक्रेता दिलीप कुमार क्रेता (1) अखिलेस कुमार (2) नीरज कुमार रजिस्ट्री दिनांक 15-10-2008 डाकुमेंट सीरियल क्र. 1306 खसरा न. 2532 एवं 2572 रकबा 0.7000 हेक्टेयर (8) विक्रेता श्याम कुमार (क्रेता) आदित्य अग्रवाल रजिस्ट्री दिनांक 28-06-2006 डाकुमेंट सीरियल क्र. 871 खसरा न. 2550 रकबा 0.440 हेक्टेयर (9) विक्रेता नरोत्तम कुमार (क्रेता) श्रीमती सुशीला रजिस्ट्री दिनांक 25-08-2020 डाकुमेंट सीरियल क्र.912 खसरा न.2571 रकबा 0.200 हेक्टेयर (10) विक्रेता तीजन ध्रुव (क्रेता) गुलाब ध्रुव रजिस्ट्री दिनांक 24-08-2020 डाकुमेंट सीरियल क्र.903 खसरा न.2583 रकबा 0.170 हेक्टेयर (11) विक्रेता राजकुमार (क्रेता) सौरभ अग्रवाल रजिस्ट्री दिनांक 18-08-2020 डाकुमेंट सीरियल क्र. 878 खसरा न. 2584 रकबा 0.2100 हेक्टेयर (12) विक्रेता गजाधर सतनामी (क्रेता) सोमनाथ वर्मा रजिस्ट्री दिनांक 20-10-2020 डाकुमेंट सीरियल क्र. 1144 खसरा नं. 2594, 2595, 2596 एवं 2597 रकबा 1.790 हेक्टेयर (13) विक्रेता भारत (क्रेता) नान्हेरम रजिस्ट्री दिनांक 16-09-2002 डाकुमेंट सीरियल क्र. 857 खसरा न. 2598/2 रकबा 0.2000 14) रामहिन यादव (क्रेता) आनंद अग्रवाल रजिस्ट्री दिनांक 17-03-2017 डाकुमेंट सीरियल क्र. 1773 खसरा न. 2511 रकबा 0.560 हेक्टेयर (15) विक्रेता प्रवीण कुमार अग्रवाल (क्रेता) आनंद कुमार अग्रवाल रजिस्ट्री दिनांक 25-03-2022 डाकुमेंट सीरियल क्र.2671 खसरा न. 2539 रकबा 0.170 हेक्टेयर (16) विक्रेता जगदीस प्रसाद साहू (क्रेता) आनंद कुमार अग्रवाल रजिस्ट्री दिनांक 25-02-2017 डाकुमेंट सीरियल क्र. 1631 खसरा न. 2539 रकबा 0.170 हेक्टेयर (17) विक्रेता नावीन कुमार अग्रवाल (क्रेता) आनंद कुमार अग्रवाल रजिस्ट्री दिनांक 25-03-2022 डाकुमेंट सीरियल क्र.2669 खसरा न.2541/1 एवं 2542/2 का भाग रकबा 0.170 हेक्टेयर (18) विक्रेता बुधराम (क्रेता) नवीन कुमार अग्रवाल रजिस्ट्री दिनांक 26-05-2020 डाकुमेंट सीरियल क्र. 136 खसरा न.2541/1 एवं 2542 का भाग रकबा 0.1700 हेक्टेयर (19)) विक्रेता बुधराम (क्रेता) आनंद कुमार अग्रवाल रजिस्ट्री दिनांक 16-04-2018 डाकुमेंट सीरियल क्र. 102 खसरा न.2541/1 का भाग रकबा 0.0800 हेक्टेयर (20) विक्रेता नितिन कुमार अग्रवाल (क्रेता) आनंद कुमार अग्रवाल रजिस्ट्री दिनांक 25-03-2022 डाकुमेंट सीरियल क्र.2670 खसरा न.2542/1 रकबा 0.1800 हेक्टेयर (21) विक्रेता बुधराम (क्रेता) नितिन कुमार अग्रवाल रजिस्ट्री दिनांक 26-05-2020 डाकुमेंट सीरियल क्र. 137 खसरा न. 2542 का भाग रकबा 0.1800 हेक्टेयर (22) विक्रेता पचकौड़ (क्रेता) बाबूलाल रजिस्ट्री दिनांक 01-06-2005 डाकुमेंट सीरियल क्र. 569 खसरा न.2574 रकबा 0.640 हेक्टेयर (23) विक्रेता संतोष कुमार (क्रेता) बाबूलाल रजिस्ट्री दिनांक 05-07-2004 डाकुमेंट सीरियल क्र.569 खसरा न. 2576/1 रकबा 0.490 हेक्टेयर (24) विक्रेता संतोष कुमार (क्रेता) बाबूलाल रजिस्ट्री दिनांक 31-10-2001 डाकुमेंट सीरियल क्र. 567 खसरा न. 2576 का भाग रकबा 0.400 हेक्टेयर (25) विक्रेता शिव प्रसाद (क्रेता) बाबूलाल रजिस्ट्री दिनांक 08-05-2001 डाकुमेंट सीरियल क्र. 123 खसरा न.2642 रकबा 0.230 हेक्टेयर (26) विक्रेता नर्सिंग (क्रेता) बाबूलाल रजिस्ट्री दिनांक 19-01-2004 डाकुमेंट सीरियल क्र. 1234 खसरा न.2644 रकबा 0.3000 हेक्टेयर ग्राम नेवदा (1) विक्रेता लतेल (क्रेता) श्री कुंअर बाई रजिस्टी क्रमांक 521 खसरा न.390/7 रकबा 0.322 हेक्टेयर (2) विक्रेता परसादी (क्रेता) बीरबल रजिस्ट्री दिनांक 17/12/2004 सीरयल क्रमांक 1328 खसरा न.392/4 रकबा 0.186 हेक्टेयर उपरोक्त बैनामा डीड हमारे ऑफिस अविनाश हाउस, जी.ई. रोड रायपुर छ.ग. से गुम हो गया है जो कि आज दिनांक तक बहुत ढूंढने पर भी नहीं मिला है।

शपथकर्ता

// सत्यापन //

मैं संतोष कुमार बरेठ आयु 44 वर्ष पिता स्व. श्री प्रहलाद बरेठ पद मैनेजर (लीगल डिपार्टमेन्ट) अविनाश ग्रुप, अविनाश हाउस, मारूति विजनेस पार्क, जी. ई. रोड रायपुर (छ.ग.) यह सत्यापित करता हूँ की शपथ पत्र की कण्डिका 01 से 02 की अन्तर्वस्तु मेरी व्यक्तिगत जानकारी मे सत्य व सही है। आज दिनांक 02/09/2024 को स्थान रायपुर छ.ग. में सत्यापित किया।

सत्यापनकर्ता

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रमांक / 202409115600002/अ-6/2023-2024
रायपुर, दिनांक 30/08/2024
ग्राम भाठागाँव प.ह.नं. - 60, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आशा सिंह पति भूपनारायण सिंह निवासी टिकरापारा तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम भाठागांव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 955/3 का भाग रकबा 3180 वर्गफुट भूमि को विक्रेता रेख लाल सोनकर पिता श्री पीताम्बर सोनकर निवासी दुर्गा चौक, भाठागॉव तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19/02/2024 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 13/09/2024 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 13/09/2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

ग्राम जुलुम प.ह.नं. 02
रा.प्र.क्र. 202409116300002 / ब-121/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गज्जु सेन पिता स्व. लखन निवासी ग्राम जुलुम उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अपनी मां जीरम बाई सेन का मृत्यु दिनांक 11/01/2016 स्थान ग्राम जुलुम उपतहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सह दस्तावेज इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था /समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 18/09/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 03/09/2024 को जारी किया गया ।

मुहर
अति. तहसीलदार
उप तहसील खोरपा

Health Town

K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खट्टर से मिले बृजमोहन

**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से सौजन्य भेंट की और छत्तीसगढ़ को 8 लाख 46 हजार 931 नए पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों के साथ छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी की।

### महिला मोर्चा के तीजा तिहार में कई महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में गुरुवार को राजधानी के वृंदावन हाल में तीजा तिहार (तीज महोत्सव) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय सचिव, महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सदस्यता अभियान की प्रदेश प्रभारी विजया राहटकर विशेष रूप से उपस्थित थीं। सुश्री राहटकर ने कहा, प्रदेश की मातृ-शक्ति ने भाजपा पर भरोसा करते हुए प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाई है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित करके महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। सुश्री राहटकर ने तीजा महोत्सव कार्यक्रम में आई महिलाओं को 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल करवाकर उन्हें भाजपा का सदस्य बनाया। कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी काफी संख्या में उपस्थित रहीं। प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, चन्नी वर्मा, शहर जिला भाजपा महामंत्री सत्यम दुवा, अमर बंसल, अकबर अली, विभा राव आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, राजनांदगांव डीईओ हटाए गए

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने राजनांदगांव के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को स्कूली बच्चों के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों के कारण तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया है। उन्हें नवा रायपुर के इन्द्रावती भवन स्थित लोक शिक्षण संचालनालय में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। साथ ही, राजनांदगांव के सहायक संचालक आदित्य खरे को जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ यह नई जिम्मेदारी भी संभालेंगे। इस आशय का आदेश स्कूल शिक्षा विभाग महानदी भवन मंत्रालय नवा रायपुर से जारी कर दिया गया है।

### लोधी समाज का परिचय सम्मेलन 24 नवंबर को

रायपुर। लोधेशवरधाम में लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा द्वारा 24 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही वार्षिक सम्मेलन एवं स्मारिका विमोचन समारोह आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध राष्ट्रीय महासभा नई दिल्ली भारत के नेतृत्व में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारी अधिकाधिक संख्या में शामिल होंगे। इस अवसर पर अंचल के अलावा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड, विदर्भ, राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, तेलगांना, गोवा एवं हरियाणा आदि राज्यों से पदाधिकारी शामिल होंगे।

# बिजली मीटर जला तो शहरों में 24 घंटे और गांवों में 72 घंटे में बदला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को मीटर जलने के मामलों में अब परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर किसी के घर या संस्थान के मीटर में कोई गड़बड़ी आती है, जल जाता है या चोरी हो जाता है और इसके लिए उपभोक्ता जिम्मेदार नहीं हो, तो ऐसे मीटर को बिना शुल्क बदला जाएगा। जले हुए मीटर के मामले में शहरी क्षेत्र में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घंटे में मीटर बदलने का प्रावधान किया गया है।

दरअसल छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत अधिनियम में बदलाव करते हुए नए नियम बनाए हैं। इसे विद्युत वितरण और निष्पादन संबंधी मानक के रुप में संशोधित किया गया है। मीटर के संबंध में अगर शिकायत मिलती है कि उसमें गड़बड़ी है, काम नहीं कर रहा है, बंद है या धीमा चल रहा है, तो ऐसे मामले की शिकायत मिलने के बाद मीटर की जांच की जाएगी। शहरी क्षेत्रों में यह काम चार से 7 दिनों में और ग्रामीण 12 दिनों के भीतर यह काम किया जाएगा। मीटर की खराबी पता चलने पर उसे वितरण लायसेंसी द्वारा बदला जाएगा। ए श्रेणी के शहर और नगरीय क्षेत्रों मीटर बदलने का काम 24 घंटे और और ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घंटे में किया जाएगा। यदि मीटर में गड़बड़ी पाई जाती है, जला या चोरी हुआ पाया जाता है और इसा जिम्मेदार ग्राहक नहीं है तो लायसेंसी आयोग द्वारा तय समय सीमा में अपनी लागत पर नया

### भूमिगत केबल को 12 से 72 घंटे में सुधारा जाएगा



#### तो उपभोक्ता से होगी वसूली

इसी संबंध में एक नियम ये भी है कि यदि जांच में पाया जाता है कि उपभोक्ता के जिम्मेदार कारणों से मीटर खराब हो गया या जल गया, या चोरी हो गया तो मीटर की कीमत उपभोक्ता से वसूल की जाएगी। विद्युत नियामक आयोग के नियम के हिसाब से अगर उपभोक्ता को सेवा देने में कमी हुई तो इसके बदले उपभोक्ता को प्रतिकर (मुआवजा) भी मिलेगा। इसी क्रम में भूमिगत केबल में ब्रेक डाउन होने पर ए संवर्ग के शहरों में 12 घंटे और नगरीय क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में 2 दिनों में सुधार होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हर एक दिन की देरी के लिए उपभोक्ता को 500 रुपए प्रतिकर दिया जाएगा।

### 25 हजार बूथों में आज से सदस्यता अभियान

# प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक भी भाजपा के सदस्य बनाने के अभियान में जुटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा का सदस्यता अभियान अब शुक्रवार से प्रदेश के करीब 25 हजार बूथों में प्रारंभ हो रहा है। इस अभियान में प्रदेश संगठन ने 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के मंत्री, विधायक, सांसदों के साथ सभी जनप्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाने का काम करना है। इसके लिए गुरुवार को सदस्यता अभियान की प्रदेश प्रभारी विजया राहटकर ने तिथियां भी तय कर दी हैं। इसी के साथ तय किया गया है कि समाज के हर वर्ग को सदस्य बनाने का काम करना है।

भाजपा की राष्ट्रीय सचिव और सदस्यता अभियान की छत्तीसगढ़ प्रभारी विजया राहटकर ने बताया, प्रदेश, जिला और मंडल स्तर तक की हुई कार्यशालाओं के बाद इस अभियान में जुटे पार्टी के 3.65 लाख प्रशिक्षित कार्यकर्ता समाज के सभी वर्गों, क्षेत्रों तक पहुंचकर सदस्यता के अभियान को गति देंगे। हमारे कार्यकर्ता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में सदस्यता के लक्ष्य को पार करेंगे।



#### 11 को सांसद, 12 को विधायक जुटेंगे अभियान में

सुश्री राहटकर ने बताया, पार्टी के इस सदस्यता अभियान में सभी मोर्चा-प्रकोष्ठ, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता सहयोग करेंगे और सदस्यता के लक्ष्य को अर्जित करेंगे। राष्ट्रीय स्तर के बाद प्रदेश, जिला और मंडल इकाइयों में सदस्यता अभियान की शुरुआत के बाद अब 6 सितंबर से बूथों, शक्ति केंद्रों पर अभियान शुरू किया जाएगा। इसी प्रकार 11 सितंबर को सांसद, 12 सितंबर को विधायक-विधायक प्रत्याशी, 13 सितंबर को नगरीय निकाय के सभी जनप्रतिनिधि और 14 सितंबर को पंचायती संस्थाओं के जनप्रतिनिधि सदस्यता अभियान में जुटेंगे। सुश्री राहटकर ने कहा कि पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी समाज के पुरस्कार प्राप्त प्रतिष्ठित जनों, समाज प्रमुखों से संपर्क करके उन्हें पार्टी का सदस्य बनाएंगे। इस तरह हर बूथ तक पहुंचकर हम इस अभियान को सफल बनाएंगे। उन्होंने बताया, छत्तीसगढ़ में यह अभियान बहुत अच्छे ढंग से शुरू हुआ है और अपने लक्ष्य को पार करने में सफल रहेगा।

#### अभियान की समीक्षा

*इसके पहले सुश्री राहटकर ने प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों, अभियान के सदस्यों के साथ बैठक करके अब तक अभियान के बारे में जानकारी ली और आगे के अभियान में क्या किया जाना है, उसके बारे में भी पूछा। उनको बताया गया कि हर बूथ में 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं, ऐसे में 50 लाख से सदस्य आसानी से बन जाएंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सवन्नी, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी व प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल भी उपस्थित थे।*

#### सीएम साय रायपुर उत्तर और प्रदेश अध्यक्ष देव जगदलपुर के मतदान केंद्रों में रहेंगे मौजूद

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के निमित्त मंडल इकाईयों के बूथों में सघन संपर्क कर सदस्य बनाने की दृष्टि से 6 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन विभिन्न मंडल इकाईयों के



मतदान केंद्रों में उपस्थित रहेंगे। भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री श्री साय सदस्यता अभियान के लिए रायपुर (उत्तर) विधानसभा क्षेत्र के खम्हारडीह मंडल स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड के मतदान केंद्र क्रमांक 14 में उपस्थित रहकर सदस्य बनाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री देव जगदलपुर विधानसभा के जगदलपुर मंडल स्थित गुरु गोविंद सिंह वार्ड के मतदान केंद्र क्रमांक 167 में सदस्यता प्रदान करेंगे। रायपुर (ग्रामीण) विधानसभा क्षेत्र के माना मंडल स्थित माना कैम्प मतदान केंद्र क्रमांक 251 (टीटी कॉलोनी) में सदस्यता अभियान के लिए प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय उपस्थित रहेंगे। श्री सिंहदेव ने बताया कि 6 सितंबर से बूथों में सदस्यता अभियान प्रारंभ होने जा रहा है और सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी बनाने के लिए सदस्यता अभियान को गति प्रदान करेंगे।

## सांसद रूप कुमारी का फूलो देवी से सवाल- क्या वे कांग्रेस कार्यालय में खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी ने महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम से सवाल किया है कि वह जरा अपने पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता और राधिका खेड़ा के साथ कांग्रेस कार्यालय में हुए अत्याचार के बाद क्या वह खुद को कांग्रेस कार्यालय में सुरक्षित महसूस करती हैं।

इसी के साथ रूप कुमारी ने कहा, महिला नेत्री फूलो देवी नेताम अपने राष्ट्रीय नेता जो लड़की हूं लड़ सकती का नारा देती हैं, उनके सचिव संदीप द्वारा दलित कांग्रेसी नेत्री अर्चना गौतम के बारे में प्रश्न उठाकर दिखाएं। फूलो देवी नेताम जरा अपने नेता शिव डहरिया से पूछें कि छत्तीसगढ़ में होने वाला अनाचार उन्हें छोटा क्यों दिखता था, तब जनता मानेगी कि सचमुच उन्हें महिला के खिलाफ होने वाले अत्याचारों की चिंता है। रूप कुमारी ने कहा, जिस प्रकार कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय प्रवक्ता को कांग्रेस के नेता ने कमरे में बंद कर दिया था व दुर्व्यवहार किया था, वह रो-रो कर अपने वरिष्ठ नेताओं से न्याय मांगती रहीं, पर उनकी किसी ने मदद नहीं की और आखिर में अपमानित होकर उन्हें पार्टी छोड़नी पड़ी। रूप कुमारी चौधरी ने कहा, फूली देवी अभी तक भूली तो नहीं होंगी कि रायपुर की सड़क पर एक अधेड़ गंडासा लेकर नाबालिग को घुमाता रहा। कोंडागांव में एक आदिवासी बालिका से सामूहिक अनाचार की घटना होती है, वह आत्महत्या कर लेती है उसके बाद भी कांग्रेस शासन में पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती। उसके बाद जब उसके पिता आत्महत्या का प्रयास करते हैं, तब एफआईआर दर्ज होती है।

#### प्रदेश में अब तक 934.9 मिमी औसत वर्षा

रायपुर। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक, 1 जून 2024 से अब तक राज्य में 934.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 1 जून से 5 सितंबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1988.6 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 501.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार, 1 जून से अब तक सरगुजा जिले में 515.6 सूरजपुर जिले में 923.0 मिमी, बलरामपुर में 1336.9 मिमी, जशपुर में 796.6 मिमी, कोरिया में 936.2 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 936.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई।

## उद्योग समागम में बोले मंत्री देवांगन- छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित 'उद्योग समागम' सम्मेलन में भाग लिया। यह कार्यक्रम केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें सभी राज्यों के उद्योग मंत्री और प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में देश भर के उद्योगपतियों, उद्यमियों और निवेशकों ने भाग लिया, जिसमें व्यापार, उद्योग और आर्थिक विकास से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस सम्मेलन में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल माहौल है।

श्री देवांगन ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में निवेश की विशाल संभावनाओं और राज्य सरकार द्वारा व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने निवेशकों को राज्य में आकर्षित करने के लिए बेहतर नीतियों और बुनियादी ढांचे के विकास पर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने



बताया कि राज्य सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कई विशेष योजनाएं और सुविधाएं प्रदान कर रही है, जिससे न केवल राज्य का आर्थिक विकास होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

#### खनिज उत्पादन करने वाला प्रमुख राज्य

मंत्री श्री देवांगन ने कहा छत्तीसगढ़ निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थल के रूप में उभर रहा है। प्रदेश खनिज उत्पादन वाले प्रमुख राज्यों में शामिल है। यहां उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल माहौल है। प्रदेश में नए उद्योगों को सर्वसुविधा उपलब्ध कराने के नई रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा राज्य में निवेश बढ़ाने व उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए वित्तीय प्रोत्साहन व छूट भी दी जा रही है।

#### व्यापारियों के लिए परेशानी नहीं

उद्योग मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 की लांचिंग किया गया है, इससे नए उद्योग शुरू करने वाले व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा 1 नवंबर 2024 से प्रदेश की नई उद्योग नीति भी लागू हो जाएगी। नई नीति उद्यमियों के सहूलियत को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में तैयार किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान उपस्थित उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश के प्रति गहरी रुचि दिखाई और राज्य में भविष्य में निवेश करने की संभावनाओं पर विचार किया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद, इन्वेस्टमेंट कमिश्नर रितु सेन, सीएसआईडीसी के कार्यपालन संचालक आलोक त्रिवेदी भी उपस्थित थे।

## मूणत ने कहा- भूपेश हिंदू भावनाओं को लगातार कर रहे आहत

### पूर्व मुख्यमंत्री के बयान से शिव भक्तों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विल्व पत्र और भगवान शंकर को जल चढ़ाने की आस्था का सरेआम उपहास उड़ाने के लिए कड़ी आलोचना की है। श्री मूणत ने कहा, श्री बघेल हिंदू भावनाओं को लगातार आहत कर रहे हैं। उनके बयान से अब उनका और कांग्रेस का हिन्दू और सनातन विरोधी चरित्र बेनकाब हो गया है।

श्री मूणत ने कहा, हिन्दू विरोधी मानसिकता श्री बघेल को अपने पिता से ही विरासत में मिली है। राजनीतिक लाभ बटोरने के लिए राम, सीता और माता कौशल्या के नाम पर पांच साल तक पाखंड का प्रदर्शन करते रहे श्री बघेल का हिन्दू व सनातन विरोधी असली राजनीतिक चरित्र जगजाहिर हो गया है, जिसकी पोषक कांग्रेस शुरू से रही है और अब कांग्रेस से जुड़े इंडी गठबंधन के नेता भी इसी भाषा में देश के बहुसंख्यक समाज की आस्था और भावनाओं का सरेआम उपहास उड़ाने का दुस्साहस कर रहे हैं। श्री बघेल के बयान से शिवभक्तों में भारी आक्रोश है। श्री मूणत ने एक कार्यक्रम के वायरल वीडियो, जिसमें श्री बघेल भगवान शंकर को अर्पित किए जाने वाले जल व विल्व पत्र चढ़ाने का उपहास उड़ाते देखे-सुने जा रहे हैं, का हवाला देकर कहा, श्री बघेल के पिता का पूरा जीवन हिन्दुओं के देवी-देवताओं और सनातन संस्कृति पर अनर्गल टिप्पणियां करने में बीत गया और मुख्यमंत्री रहते हुए भी श्री बघेल इन टिप्पणियों पर मौन साधे बैठे रहे। आज खुद भूपेश बघेल ने भगवान शंकर, जल व विल्व पत्र का खुलेआम मजाक उड़ाकर अपने डीएनए का परिचय दे दिया है। श्री मूणत ने कहा, यही हिन्दू और सनातन विरोधी डीएनए कांग्रेस व इंडी गठबंधन का भी गाहे-बगाहे सामने आता रहा है। श्री मूणत ने कहा, तुष्टिकरण का एजेंडा चलाकर श्री बघेल ने अपने शासनकाल में प्रदेश का वातावरण बिगाड़ने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी और अब अपने उसी एजेंडे पर खुलेआम सामने आ गए हैं, लेकिन प्रदेश की धर्मप्राण जनता ऐसी घिनौनी सोच को इतिहास के कूड़ेदान में डाल देगी, श्री बघेल को यह कभी नहीं भूलना चाहिए।

### जिला पंचायत स्तर के लिए 62 और विकासखंड स्तर के लिए 130 पदों पर भर्ती की जाएगी

# पीएम आवास ग्रामीण में निकले संविदा के 192 पद, जिला और विकासखंड स्तर पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए जिला और विकासखंड (जनपद) स्तर पर भर्ती के लिए संविदा के 192 पद निकाले गए हैं। इन पदों के लिए 18 सितंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। शर्त ये है कि एक आवेदक एक से अधिक जिलों के लिए आवेदन नहीं भर सकते। जिला पंचायत स्तर के लिए 62 और विकासखंड स्तर के लिए 130 पदों पर भर्ती की जाएगा।

#### इन पदों के लिए होगी भर्ती

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत संविदा भर्ती के लिए जिला स्तर पर इन पदों पर भर्ती होगी। जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, प्रशिक्षण समन्वयक, सहायक प्रोग्रामर, सहायक ग्रेड 3, लेखापाल और डाटा एंट्री ऑपरेटर। विकासखंड स्तर पर विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर भर्ती की जाएगी।

#### इन शर्तों पर होगी भर्ती

इन पदों पर भर्ती के लिए 22 बिंदुओं के आधार पर शर्तें रखीं गई हैं। बताया गया है कि निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में केवल पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट से संबंधित जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के नाम से 18 सितंबर तक शाम 5 बजे तक लिए जाएंगे। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई-मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदक की आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी छूट संबंधी आदेश,निर्देश संविदा नियुक्ति के लिए लागू होंगे। आयु की गणना 01 सितंबर 2024 के आधार पर की जावेगी।

प्रधान मंत्री आवास योजना
Pradhan Mantri Awas Yojana

#### स्थायी जाति प्रमाणपत्र ही होगा मान्य

आवेदकों से सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा। स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं उसके संबंध मे शपथ पत्र देना होगा। आवेदक द्वारा आवेदन हेतु समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है। आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना होगा।

#### तीन साल के लिए होगी नियुक्ति

यह संविदा नियुक्ति अधिकतम तीन वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी। सेवा समाप्ति पश्चात संविदा अधिकारी कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु-लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी। जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों का मेरिट आधार पर सूची बद्ध किया जायेगा और उनको कौशल परीक्षा की लिए बुलाया जायेगा तद्धपरांत कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।

#### शादी, बच्चे भी शर्तों में शामिल

आवेदक जिनकी दो से अधिक संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति,पत्नी जीवित हो, पात्र नहीं होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात यदि शासन को इस बात की समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

## खबर संक्षेप

### अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़े को समाज में किया शामिल



**रायपुर।** सुपेला निवासी सूरज निर्मलकर ने अंतरजातीय विवाह किया था, जिसे समाज में शामिल करने के लिए कुछ लोग विरोध कर रहे थे, सुपेला के समाजजनों ने दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर से मुलाकात की और पूरे समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर से राजधानी में संपर्क किया। प्रदेश अध्यक्ष ने ससम्मान उक्त बालिग विवाहित जोड़े को समाज में शामिल करने के लिए निर्देश जारी किया। प्रदेश अध्यक्ष का गुरुवार को सुपेला आगमन हुआ, जहां पर समाज के सम्मान में उक्त नवदंपति जोड़ा ने भोज का आयोजन रखा था, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ने पहुंचकर कन्यादान किया। इस अवसर पर चैतराम निर्मलकर, नकुल निर्मलकर, वरुण निर्मलकर, गौतम रजक, शंकर रजक, पंचदेवी निर्मलकर, सुरेश नेताम, चंद्रेश देवांगन, मैना निर्मलकर आयोजन की साक्षी बने।

### छात्राओं को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी



**रायपुर।** डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेडक्रॉस इकाई द्वारा महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत टीके भोई एवं सहदेव यातायात पुलिस द्वारा छात्राओं को सड़क सुरक्षा विषय पर जानकारी प्रदान की गई। साथ में आरटीओ द्वारा छात्राओं के लिए लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस भी बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशा बारले एवं डॉ. निधि गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. श्वेता अग्निवंशी, डॉ. श्वेता बोहरा, डॉ. शिखा बेहरा, डॉ. सोनिता सत्संगी, डॉ. मनीषा शर्मा, डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. दीप्ति झा, डॉ. कल्पना राय, डॉ. रूपा सलहोत्रा, डॉ. मनीषा शुक्ला, डॉ. ज्योति मिश्रा सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### शराब का अवैध कारोबार तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** निजात अभियान के तहत पुलिस ने धरसींवा तथा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में शराब का अवैध कारोबार करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 90 पौवा देशी के साथ अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, धरसींवा थाना क्षेत्र में सिलयारी देशी शराब दुकान के पास अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में रामकृष्ण वर्मा तथा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में कलीराम तथा मालिकराम साहू के पास से शराब जब्त की गई।

### केटीयू में शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारियों ने लगाए पेड़



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में रेडियो संवाद 90.8 एफएम एवं अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर को हराभरा बनाने के लिए अनेक फलदार एवं औषधीय महत्व के पौधे लगाये गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी पेड़ लगाएं। इसी दौरान अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महिला प्रकोष्ठ, छतीसगढ़ इकाई की अध्यक्ष मंजू यदु ने कहा कि पेड़ लगाना हमारी प्रतिबद्धता है।

# किराएदारों-मकान मालिकों के बीच विवाद सुलझ नहीं रहे, भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में 400 से ज्यादा प्रकरण लंबित

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किरायेदारों एवं मकान मालिकों के बीच विवाद के सैकड़ों प्रकरण भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में लंबित पड़े हुए हैं। कोर्ट की नियमित सुनवाई नहीं होने, अफसरों के लगातार तबादला होने सहित अन्य कई कारणों से इससे संबंधित प्रकरणों के फैसले आ नहीं पा रहे हैं। इसके कारण पक्षकारों को जहां न्याय नहीं मिल पा रहा है, वहीं बारंबार पेशी की तारीख बढ़ने से कलेक्टोरेट के चक्कर भी लगाने पड़ रहे हैं। भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में लंबित प्रकरणों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सूत्रों के अनुसार इनमें 3 से 5 वर्ष के बीच के करीब डेढ़ से दो सौ प्रकरण हैं, वहीं 2 साल से 1 साल के बीच के करीब 2 सौ प्रकरण हैं। इसके अलावा कई नए प्रकरण भी हैं। इस तरह कुल चार सौ से अधिक प्रकरण कोर्ट में लंबित हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार पुराने प्रकरणों में 25-30 प्रकरणों की सुनवाई लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन ऑर्डर जारी नहीं हो पाए हैं।

### इस कारण से भी प्रकरण लंबित

आवेदक की शिकायत के बाद कोर्ट द्वारा संबंधित दूसरे पक्षकार को नोटिस जारी की जाती है। इस नोटिस की तामिली नहीं होने के कारण भी कई प्रकरणों में अब तक सुनवाई नहीं हो पाई है। ऐसे कई प्रकरण हैं, जिनमें पक्षकारों द्वारा नोटिस की तामिली ही नहीं की जा रही है। नोटिस की तामिली नहीं होने के ज्यादातर कारण घर पर ताला लगा होना या पक्षकार का घर में मौजूदगी नहीं होना बताया जाता है। इसके अलावा भी पक्षकारों द्वारा वकीलों के माध्यम से बीमारी, शादी समारोह, मरणी कार्यक्रम सहित कई तरह के बहानों का हवाला देकर पेशी की तारीख बढ़ा ली जाती है।



### पुराने प्रकरणों की जांच कर सुनवाई करूंगा

कुछ दिन ही हुए हैं पदभार संभाले, पुराने प्रकरणों का अध्ययन कर समझना पड़ेगा। इसमें कुछ वक्त लगेगा। जल्द से जल्द प्रकरणों का निराकरण करने का प्रयास रहेगा।

- **प्रकाश कुमार टंडन**, संयुक्त कलेक्टर, भाड़ा

### प्रकरणों का अध्ययन- जांच करने में बीत जाते हैं कुछ माह

नए अफसर के पदभार ग्रहण करने के बाद लंबित प्रकरणों को समझने में ही एक-दो माह का समय लग जाता है। पुराने प्रकरणों में ऐसे कई है, जिनकी कई बार सुनवाई हो चुकी है। सुनवाई के दौरान पक्षकारों द्वारा दिए गए बयान एवं सबूतों सहित दस्तावेजों को नए अफसर पुनः बारिकी से अध्ययन करना पड़ता है। इसके बाद ही प्रकरणों में आगामी पेशी की तारीख दी जाती है। इस तरह इस काम में नए अफसर को कई दिन लग जाते हैं।

### सालभर में बदल चुके चार अफसर

भाड़ा नियंत्रण के ज्यादातर प्रकरणों के लंबित होने का एक कारण अफसर का बार-बार तबादला किया जाना भी है। विधानसभा चुनाव 2023 से लेकर अगस्त 2024 तक भाड़ा नियंत्रण कोर्ट के 4 अफसर बदल चुके हैं। इनमें सबसे पहले विधानसभा चुनाव के दौरान संयुक्त कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा थे। उनका तबादला होने के बाद उनकी जगह करीब दो महीने बाद संयुक्त कलेक्टर बृजेश सिंह क्षत्रीय को इसका प्रभार दिया गया था, लेकिन नोटिफिकेशन जारी होने के कारण वे भी प्रकरणों का निराकरण नहीं कर पाए। बाद में उन्हें भी इस पद से मुक्त करते हुए बिरगांव नगर निगम आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बाद संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा को इसका प्रभार सौंपा था, लेकिन कुछ महीने के भीतर उनका भी तबादला हो गया। उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर आशुतोष देवांगन को यह प्रभार दिया गया था जिनका हालही में अगस्त माह में तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह अब संयुक्त कलेक्टर प्रकाश कुमार टंडन को प्रभार सौंपा गया है। उन्हें प्रभार संभाले करीब 15 दिन ही हुए हैं। इस कारण लंबित प्रकरणों में अब तक सुनवाई शुरू नहीं हो पाई है।

## हमला करने वाले एबीवीपी कार्यकर्ताओं को संरक्षण- बैज

# गृहमंत्री अपराधियों को बचाने एफआईआर दर्ज होने नहीं देते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, गृहमंत्री विजय शर्मा झूठ बोल रहे हैं, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर हमला करने वाले एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को बचाने के लिए पीड़ति की एफआईआर दर्ज होने नहीं दी थी। मैं स्वयं और कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेताओं ने सरस्वती नगर थाना में जब 5 घंटा धरना दिया, तब दबाव में आकर पुलिस प्रशासन ने पीड़ति की एफआईआर दर्ज की है। बेहद दुखद और निंदनीय है कि संविधान की शपथ लेने वाले प्रदेश के गृहमंत्री स्वयं ही आरोपियों को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रदेश का दुर्भाग्य है, जब गृहमंत्री ही अपराधियों को बचाने पीड़ितों की एफआईआर दर्ज नहीं होने देंगे, तो अपराधियों का हौसला बढ़ेगा। आज प्रदेश में जो लचर कानून व्यवस्था है, अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। पीड़ति और आम जनता डरी हुई है। प्रदेश में रोज बलात्कार, हत्या, गैंग रेप, लूट, अपहरण जैसी घटनाएं हो रही हैं, इसके लिए सिर्फ प्रदेश के गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। वे कानून और पुलिस को अपना काम करने नहीं दे रहे हैं। पूरे प्रदेश में यही स्थिति है, थाना में एफआईआर दर्ज करने के लिए आम लोगों को पीड़ित के साथ आंदोलन करना पड़ता है।

## ऐसी नौटंकियों से राजनीति नहीं चलती, जनता सब देख रही

# गृहमंत्री ने कहा- एफआईआर दर्ज होने के बाद धरना, बैज की नौटंकी



एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर एफआईआर के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के धरने को गृहमंत्री विजय शर्मा ने नौटंकी बताया है। उन्होंने कहा दूसरे पक्ष पर एफआईआर पहले ही हो चुका था, मैंने बाद में पता किया कि पूरा क्या मामला था तब मुझे जानकारी मिली।

गृह मंत्री ने कहा एफआईआर पहले ही हो चुका थी उन्हें भी जानकारी दी गई कि एफआईआर हो चुकी है। जानकारी होने के बावजूद उन्होंने कहा, हमने धरना दिया इसलिए एफआईआर दर्ज की गई। ऐसी नौटंकियों से राजनीति नहीं चलती। अगर ऐसा करेंगे तो जनता सब कुछ देख रही है। कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए गृह मंत्री ने कहा, किसी को डरने की जरूरत नहीं है। यहां विष्णुदेव की सरकार है, डरना किसी को नहीं है, मगर राजनीति मूल्यों पर की जाए तो अच्छा है। ऐसे मुद्दों पर राजनीति करना अशोभनीय है। ललित महल की तरह ही राजधानी में हो रहे पार्टियों को परमिशन देने को लेकर गृहमंत्री ने कहा कि आज कम से कम प्रकरण आपको पता चल रहे हैं, पहले तो पता भी नहीं चलता था। जो कुछ भी पिछली सरकार में हुआ है वो सबने देखा है। पुलिस किस काम में जुटी रहती थी हम सब जानते हैं। किस तरह से हर चौक पर पैसे वसूले जाते हैं ये हम सब जानते हैं। ऐसे और भी मामले आपको जल्द दिखेंगे क्योंकि कठोरता से इन पर कार्रवाई की जा रही है।

# महिला कांग्रेस 10 सितंबर को सीएम हाउस का करेगी घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश में महिलाओं के साथ हो रहे अपराध और चरमराई कानून व्यवस्था के विरोध में महिला कांग्रेस 10 सितंबर को प्रदर्शन करेगी। राजधानी के राजीव चौक से यह प्रदर्शन शुरू होगा, जिसमें प्रदेशभर की महिलाएं रैली निकालकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगी। महिलाओं के अधिकार और उनकी सुरक्षा के लिए महिला कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।



*महिला कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ेगी लड़ाई- नेताम*

उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है और न्याय के लिए हमेशा आवाज उठाते रहेंगे। प्रदेश में आए दिन हो रहे अत्याचार और गैंगरेप की घटनाए बढ़ती जा रही है। पुलिस प्रशासन मुकदर्शक बनी हुई है। चरमराई कानून व्यवस्था से महिला अपने आप को असुरक्षित और असहाय महसूस कर रही हैं। प्रदेश की महिलाएं डरी और सहमी हुई है। हर बड़े शहर में महिला असुरक्षित फूलो देवी नेताम ने आरोप लगाए कि 9 महीने की बीजेपी सरकार में 600 से अधिक बलात्कार के मामले सामने आए हैं। प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ 3000 से ज्यादा अपराधी घटनाएं हुई हैं। सत्ता में बैठे लोग अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। प्रदेश के कई जिले में लगातार महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रही है। चाहे वह रायपुर हो भिलाई हो बस्तर हो जशपुर हो रायगढ़ हो अंबिकापुर हो इन जगहों पर लगातार महिलाओं के साथ अपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है।

### सामूहिक दुष्कर्म की घटना बदली

*उन्होंने कहा, आज प्रदेश की बेटी और बहन बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। उनके साथ लगातार दुष्कर्म जैसी वारदात हो रही है। राजधानी के भाठागांव बसस्टैंड में एक 50 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया जाता है, लेकिन घटना के दूसरे दिन अपराध दर्ज करते समय सामूहिक दुष्कर्म की घटना को केवल रेप की घटना बना दिया जाता है। थाने में अपराधियों की रिपोर्ट लिखी जाती है और पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने में लगी हुई है।*

# शराब पीने पैसे मांगे, इंकार करने पर पीटा



**रायपुर।** गंज पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर ऑटो चालक से मारपीट करने के आरोप में एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, शिवा ढीमर की शिकायत पर राज नायडू उर्फ बाबू को गिरफ्तार किया गया है। शिवा ने पुलिस को बताया कि रेलवे स्टेशन के गेट के पास वह सवारी का इंतजार कर रहा था, इस दौरान बाबू उसके पास पहुंचा और उससे शराब पीने पैसों की मांग करते हुए मारपीट की। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने राज को गिरफ्तार किया।

## केंद्रीय मंत्री को लिखी चिट्ठी

# रायपुर से सूरत हवाई सेवा उपलब्ध कराने चैंबर ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू को रायपुर से सूरत हवाई सेवा सुविधा उपलब्ध कराने चिट्ठी लिखी है। गुरुवार को विभागीय मंत्री के नाम नई दिल्ली पत्र प्रेषित कर उनका ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने पत्र के माध्यम से केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू को बताया कि राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा कपड़ा एवं सराफा बाजार है। रायपुर मार्केट में भारत द्वारा निर्मित सभी प्रकार के कपड़े एवं सराफा का आयात एवं निर्यात होता है। सबसे ज्यादा सूरत मंडी से व्यापार होता है। व्यापार के सिलसिले में रायपुर से रोजाना सूरत गुजरात के लिए काफी संख्या में व्यापारियों का आवागमन होता है। कपड़ा एवं सराफा व्यापारियों द्वारा इस हवाई सेवा को शुरू करने लंबे समय से मांग की जा रही है। श्री पारवानी ने कहा, रायपुर एवं सूरत के बीच हवाई सुविधा शुरू होने से दोनों राज्यों के मध्य आर्थिक गतिविधियां बढ़ेगी, व्यापक स्तर में व्यापार होगा।



# स्वास्थ्य जांच शिविर 22 को, पोस्टर विमोचित



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं रामकृष्ण हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर रामकृष्ण हॉस्पिटल में 22 सितंबर को लगाया जाएगा। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि रामकृष्ण हॉस्पिटल के प्रमुख डॉ. संदीप दवे ने इस शिविर के लिए पोस्टर विमोचन किया।शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपलब्ध रहेगी, जिसमें डॉ. संदीप दवे जनरल सर्जरी एक्सपर्ट, डॉ. जावेद अली खान हृदयरोग, डॉ. विनोद आहूजा, डॉ. प्रकाश चौधरी, डॉ. धीरज प्रेमचंदानी, डॉ पंकज धाबलिया, डॉ. पवन जैन, डॉ. अजीत शदाणी, डॉ. देवा दुलाल बिस्वाल, डॉ. साकेत अग्रवाल, डॉ. राहुल पाठक, डॉ. चेतना रमानी, डॉ. उज्जवला वर्मा, डॉ. नवीन खूबचंदानी, डॉ. निखिल मोतीरामानी, डॉ. संतोष निहाल उपस्थित रहेंगे। पोस्टर विमोचन के अवसर पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, डॉ. एनडी गजवानी, डॉ. धीरज प्रेमचंदानी, डॉ. संतोष चावला आदि उपस्थित थे।

# बारिश की कमी से खेतों में पड़ने लगीं दरारें नहरों का पानी टेल एरिया तक नहीं पहुंच रहा

देवीलाल साहू ▶▶| रायपुर/ भिलाई



दुर्ग जिले में बारिश की कमी के चलते खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। पिछले 22 दिनों से बारिश ही नहीं हुई है। रोजाना सिस्टम बनता है, लेकिन खंड वर्षा हो रही है। कम बारिश की वजह से दुर्ग जिले के 1.35 लाख हेक्टेयर में खड़ी फसल की पैदावारी पर व्यापक असर दिखाई देने लगा है, इससे किसान चिंतित हैं। दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा फसल प्रभावित एरिया असिचिंत कृषि भूमि है। यहां 21 हजार 900 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सूखे के हालात हैं। वहीं बेमेतरा जिले में 2.02 लाख हेक्टेयर में रकबे में खरीफ की फसल लेने का लक्ष्य रखा गया था।

- दुर्ग में औसत 81 और बेमेतरा में 68 प्रतिशत बारिश

बेमेतरा जिले में बेमेतरा, साजा, बेरला और नवागढ़ में कम बारिश की वजह से धान की 25600 हेक्टेयर में बोनी होनी थी। यहां पर 18000 हेक्टेयर में खुर्रा बोनी, 7600 हेक्टेयर में कतार बोनी और 350 हेक्टेयर में नर्सरी लगाई गई थी। यहां पर 15 प्रतिशत रकबे में फसल की बोनी प्रभावित हुई है।

फसलों की स्थिति को देखते हुए तांदुला जलाशय से पानी छोड़ा गया है। नहर में 78.50 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन यह टेल एरिया में नहीं पहुंच रहा है। दुर्ग जिले के बीच के गांवों को पानी नहीं मिलने से खेतों में दरारें आ गई हैं। बेमेतरा जिले के कुल रकबे के 15 प्रतिशत रकबे में फसल की बोनी प्रभावित हुई है। दुर्ग जिले के ननकट्ठी, अरसनारा, रेवलीडीह, बोड़ेगांव, बासिन, कोड़िया, खेदामारा, ढ़ौर, कचांदुर सहित कई गांवों में खेतों में पानी नहीं है। बोड़ेगांव के किसान रविप्रकाश ताम्रकार, हृदयराम देवांगन, बासीन के विजेंद्र वैष्णव, रवेलीडीह के किसान शिवकुमार साहू, बेदराम देवांगन बताते हैं कि नहर का पानी केवल निचले खेतों तक ही पहुंच रहा है। टेल एरिया के खेतों में पानी नहीं है, दरारें आ गई है। यहां से पानी बेरला की तरफ जा रहा है। बीच के गांवों में पानी नहीं मिल रहा है।

### पैदावारी 20 प्रतिशत हो सकती है प्रभावित

दुर्ग जिले के तत्कालीन कृषि उपसंचालक ललित मोहन भगत बताते हैं कि धान की फसलों में कंसे लग चुके हैं। कंसे फूटकर दाने का रूप लेंगे। इसके पहले पानी बहुत जरूरी होता है। खेतों में पानी की कमी है। भादो में फसल को पानी की जरूरत होती है, लेकिन बारिश ही नहीं हुई है। पानी की कमी से बाली छोटी हो जाएगी, इससे दाने भी बराबर नहीं मिलेंगे। पैदावारी 20 प्रतिशत तक प्रभावित हो सकती है। बारिश हुई तो फसल संभल जाएगी।

### बेमेतरा जिले में सबसे कम बारिश

दुर्ग जिले में बारिश की स्थिति दयनीय हो गई है, इस साल पूरे महीने में यहां 598.1 मिमी. औसत बारिश हुई है। जबकि जिले में बारिश का औसत कोटा 1052 मिलीमीटर है। इस हिसाब से कोटा पूरा करने के लिए 454 मिलीमीटर बारिश की और जरूरत है। बेमेतरा जिले में प्रदेश में सबसे कम 501.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो औसत बारिश का 68 प्रतिशत है।

## पेज 11 के शेष

### पेड़ नहीं बनेंगे...

शुरू करने जा रहा है। इस कार्य से रेलवे परिसर में लगे 60 से 100 साल पुराने एक भी पेड़ों को नहीं काटा जाएगा। पेड़ों को सुरक्षित करने रेलवे ने इन्हें दूसरी जगह पर शिफ्टिंग करने का मन बना लिया है। अधिकारियों ने इसे लेकर सर्वे का कार्य पूरा कर लिया है। पर्यावरण बचाने रेलवे की इस पहले से पुराने पेड़ कटने से बच जाएंगे। जानकारी के मुताबिक स्टेशन परिसर में 3 से 4 विशाल पेड़ हैं, जिन्हें री-डेवलपमेंट कार्य के कारण दूसरी जगहों पर आधुनिक तकनीक की मदद से शिफ्ट किया जाएगा। यह सभी छायादार पेड़ हैं। पेड़ बचाने को लेकर अधिकारियों का कहना है कि हम इस तरह से काम करना चाहते हैं, जिससे पर्यावरण को भी कोई नुकसान न हो। एक पेड़ को विशाल होने में वर्षों का समय लग जाता है। एक पेड़ काटकर दूसरा नया पेड़ लगाने से उसे बड़ा होने से वर्षों का समय चला जाएगा। इसी भावना के साथ रेलवे ऐसी जगह पर पेड़ को लगाने जा रहा है, जिससे भविष्य में भी कोई दिक्कत न हो। अधिक से अधिक लोगों को छांव मिल सके। सुपेला में पीपल और बरगद पेड़ हुए शिफ्ट- मंडल के सुपेला रेलवे स्टेशन में भी रेलवे ने पेड़ों को बचाने का कार्य किया है। यहां 20 से अधिक पेड़, जो 90 से 100 साल पुराने पीपल और बरगद थे, इसे दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया है। अमृत भारत योजना के तहत मंडल के जिन स्टेशनों का पुनर्निर्माण हो रहा है, उन जगहों पर पेड़ को बचाने रेलवे पेड़ शिफ्टिंग तकनीक की मदद कर रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिले हैं। जानकारी के मुताबिक अभी तक 50 से अधिक पेड़ सुरक्षित हो चुके हैं।

### ओवर रेटिंग पर...

के लिए मजबूर होना पड़ रहा था, लेकिन वर्तमान सरकार ने ओवर रेटिंग पर लगाम कसने के लिए सख्त कदम उठाया है। इसके तहत अब शराब दुकानों में बैठने वाले कर्मचारियों को तय दर पर ही शराब बेचना होगा।

### इन शराब दुकानों के...

योगेश कुमार, कम्पोजिट मदिरा दुकान उरला के संजय पाटिल, अविनाश कंदरा, देशी मदिरा दुकान खरोरा के विनोद कश्यप, लोकेश टण्डन, लाकेश कुमार निर्मलकर, सूरज बांधे, विदेशी मदिरा दुकान खरोरा के सूरज विश्वास, विदेशी मदिरा दुकान पंडरी के टिकेन्द्र डिंडोरे, विदेशी मदिरा दुकान शंकर नगर (कचना) के अशोक कुमार कौशिक, सागर टंडन, अशोक कुमार कौशिक, विदेशी मदिरा दुकान खमतराई के छत्र प्रकाश माथुर, करण दास घृतलहरे, विदेशी मदिरा दुकान नवापारा के नोहर दास, वेकंटेश तिवारी, कम्पोजिट मदिरा दुकान भाठागांव के अजय सेन, अजय कश्यप, दुर्गेश सिन्हा अल्ताफ खान, देशी मदिरा दुकान नवापारा के सूरज सोनवानी, गोवर्धन सुरेन्द्र, कम्पोजिट मदिरा दुकान ट्रांसपोर्ट नगर खमतराई के लोकेश्वर साहू, विदेशी मदिरा दुकान भनपुरी के पंकज टण्डन, विदेशी मदिरा दुकान (कम्पोजिट) राजेन्द्र नगर के रंजीत कुमार गुप्ता, प्रीमियम विदेशी मदिरा पचपेड़ी नाका के दुर्गेश पटेल, विदेशी मदिरा दुकान भाठागांव के शैलेन्द्र वर्मन, देशी मदिरा दुकान (डुण्डा) डूमरतराई के रमेश निजाद, रगगर कुमार दाम्टे, अभिषेक बर्मन, वोमेश राय, गिरिजाशंकर गिल्ये, हरेन्द्र साव, विदेशी मदिरा दुकान डूमरतराई के मनीष निषाद, तुषार कुमार, विदेशी मदीरा दुकान सड्डू के मदन बाग, सतेंद्र सिंह, राहुल बंजारे, शत्रुहन त्रिपाठी, ऋषभ चेलक, घनाराम साहू शामिल है। इन सभी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 39(ग) के तहत तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर ब्लैक लिस्टेड किया गया है।

### छात्रावास अधीक्षिका पर...

अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और छात्राओं को आश्वासन देते हुए उनका प्रदर्शन खत्म कराया। इसके बाद सभी छात्राएं छात्रावास लौट गईं।

अटैच करने के बाद भी छोड़ नहीं रहीं पद

छात्राएं अधीक्षिका के विरुद्ध पूर्व में कई बार आदिवासी विकास विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर चुकी हैं। लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने अधीक्षिका के खिलाफ अटैच करने की कार्रवाई करते हुए उनके स्थान पर राज्य स्तरीय पोस्ट मेट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की अधीक्षिका बसंती तिर्की को प्रभार सौंपा है। आरोपों की जांच के लिए बनी कमेटी- जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप ने अधीक्षिका पर लगे आरोपों की जांच के लिए कमेटी बनाई है। यह कमेटी संयुक्त कलेक्टर अभिलाषा पैकरा की अध्यक्षता में बनाई गई है। इस कमेटी में सदस्य के रूप में कन्या प्रयास गुढ़ियारी की अधीक्षिका लता गोयल एवं बालक प्रयास सड्डू की प्राचार्य प्रमिला शुक्ला को शामिल किया गया है। कमेटी 3 सितंबर को गठित की गई है। कमेटी को 5 दिन के भीतर जांच कर इसकी रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

### बेसिक बेकरी कक्षा का समापन, 20 हुए शामिल



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा तीज त्योहार के अवसर को ध्यान में रखते हुए एक बार फिर से महिलाओं के लिए बेसिक बेकरी कक्षा का आयोजन किया गया। गत दिनों धनेली स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 9 दिवसीय बेसिक बेकरी कक्षा का समापन किया गया, जिसमें 20 प्रशिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। यह कक्षा 27 अगस्त को प्रारंभ हुई थी। 9 दिवसीय बेसिक बेकरी कक्षा में प्रशिक्षिका हेमलता साहू द्वारा शुरुआत 5 दिन में केक बनाना, फिर 2 दिन पिज्जा बनाना सिखाया गया।

## खबर संक्षेप



### एकलव्य अतिथि शिक्षकों ने की शिक्षा विभाग में संविलियन की मांग

**रायपुर**। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर शिक्षा विभाग में संविलयन की मांग की है। उनका कहना है, प्रदेशभर के आदर्श आवासीय एकलव्य विद्यालय में 600 अतिथि शिक्षक 8 से 10 वर्षो से निरतंर सेवा दे रहे हैं, उन्हें भर्ती प्रक्रिया में अनुभव का लाभ नहीं दिया गया। न ही किसी प्रकार की प्राथमिकता दी गई। इससे सैकड़ों अतिथि शिक्षकों के सामने रोजी-रोटी का संकट उठ खड़ा हुआ है। प्रभावित अतिथि शिक्षकों का कहना है कि देश के अन्य राज्यों में अतिथि शिक्षकों को पहले स्थाई किया गया और शेष बचे पदों पर केन्द्र ने भर्ती किया। पर प्रशासन की गलती के चलते एकलव्य अतिथि शिक्षकों का भविष्य अंधकार मय हो गया है। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। श्री साय ने उन्हें आश्वस्त किया है कि एकलव्य अतिथि शिक्षकों को राज्य के शिक्षा विभाग में संविलयन कराकर रोजगार की व्यवस्था करायेंगे। उन्होंने विभाग के सचिव और स्कूल शिक्षा सचिव को दूरभाष पर निर्देशित किया कि केबिनेट की बैठक में अतिथि शिक्षकों के संविलयन की नस्ती प्रस्तुत की जाये। पर 5 माह बाद भी नस्ती प्रस्तुत नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने दोबारा नस्ती प्रस्तुत करने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का फिर बदला मार्ग, अब बीना के रास्ते से पहुंचेगी बिलासपुर



**रायपुर**। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास का कार्य विभिन्न मंडलों में किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के लिए उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के अंतर्गत आगरा कैंट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सेक्शन के मध्य विभिन्न स्टेशनों में रेल लाइन के विस्तार का कार्य किया जाएगा। इसके चलते 5 से 12 सितंबर को अमृतसर से रवाना होने वाली 18238 अमृतसर – बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मेरठ सिटी–खुर्जा-मितावली-आगरा फोर्ट-बयाना-सोगरिया-रुठियाई-बीना के रास्ते बिलासपुर पहुंचेगी। 13 से 16 सितंबर को कोरबा से रवाना होने वाली 18237 कोरबा–अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बीना–रुठियाई-सोगरिया-बयाना-आगरा फोर्ट-मितावली-खुर्जा- मेरठ सिटी के रास्ते अमृतसर पहुंचेगी। 13 सितंबर को विशाखापटनम से रवाना होने वाली 20807 विशाखापटनम–अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया नई कटनी जंक्शन–मानिकपुर-प्रयागराज-गोविंदपुरी-टूण्डला-गाजियाबाद-नई दिल्ली के रास्ते अमृतसर पहुंचेगी।

# आठ माह में कांग्रेस ने बनाई कई जांच समिति, कुछ की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद विभिन्न जिलों में हुई घटनाओं को लेकर कांग्रेस ने एक दर्जन ये अधिक जांच समिति बनाई। समितियों में स्थानीय विधायक, पूर्व विधायक और पदाधिकारियों को जांच की जिम्मेदारी दी गई थी।

अधिकांश समितियों का दौरा होने के बाद समितियों की रिपोर्ट के बारे में पूरी जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दी जाती है। कई मामलों में जांच समिति की रिपोर्ट की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। पार्टी के द्वारा महत्वपूर्ण घटनाओं के अलावा ऐसी घटनाएं जिन पर राजनीतिक रूप से पार्टी जनता के बीच जाने की रणनीति बनाती है, ऐसे मामलों पर जांच समिति बनाई जाती है। भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कन्या आश्रम में अनाचार, स्वास्थ्य विभाग में नवजात शिशुओं के मौत के मामले, बेमेतरा जिले में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, तारलागुड़ा पोटा कैबिन में मलेरिया से छात्रा की मौत, आरंग में तीन लोगों की मौत, बैगा आदिवासियों की कवर्धा में मौत के मामले, पत्रकारों पर फर्जी प्रकरण बनाए जाने और उन पर की गई कार्रवाई के मामलों में जांच समिति बनाई गई। समितियों ने इनमें से कई मामलों में जांच पूरी करने के बाद पीसीसी को क्या रिपोर्ट सौंपी इसे सार्वनिक नहीं किया गया। बताया जाता है कि ऐसे मामलों को पार्टी विधानसभा सत्र और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग जैसे मामलों में करते हैं। अधिकांश मामलों में जांच समिति स्थानीय लोगों से चर्चा का मामले के नतीजे पर पहुंचती है। ऐसे मामलों में पीडित पक्ष और अन्य लोंगो से भेंट कर उन्हें होने वाली नुकसान की भरपाई करने जैसे बयान जांच कर स्थल पर देकर इसे पूरा कर लिया जाता है।

### राजनीति के चलते नहीं हो पाती जांच

भाजपा सरकार आने के बाद बस्तर क्षेत्र में आदिवासी कन्या छात्रावास में अनाचार, नक्सलियों के फर्जी मुठभेड़, पत्रकारों की फर्जी प्रकरण में गिरफ्तारी, सहित कई ऐसे मामले थे जिन पर पार्टी ने जांच कर उसे शासन के समक्ष अलग से जांच के लिए सौंपा। ऐसे मामलों में सियासत के चलते जांच नहीं हो पाती। वहीं ऐसे घटनाक्रम जो अपराध और हिंसा की घटनाओं से संबंधित होते हैं उन पर पार्टी का फोकस भुनाने की होती है। ऐसे मामलों में आरोप-प्रत्यारोप के बीच सियासी दांव-पेंच के चलते मामले सार्वजनिक किए जाते हैं।

### सियासी दांव-पेंच के कारण बनती हैं जांच समिति




## निगम को सिर्फ एक जोन कार्यालय बनाने मिला फंड, दूसरे के लिए जमीन भी तय नहीं

# वार्डों में सुविधा की बेहतरी के लिए निगम ने बढ़ाए जोन, सामुदायिक भवनों में ही संचालित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर निगम व स्मार्ट सिटी ने मिलकर पांच साल में जन सरोकार के कई काम वार्डों में करवाए हैं, लेकिन सामुदायिक भवनों में विगत पांच साल से चल रही कमिश्नरी अभी तक यथावत है। इससे आउटर के दो वार्ड में लोगों की सुविधा के लिए जिन सामुदायिक भवनों का निर्माण मांगलिक आयोजनों के लिए करवाया गया है, उसमें जोन कार्यालय होने से लोगों को उपयोग के लिए नहीं मिला है। अभी सिर्फ जोन-9 को जी-वन कैटेगरी में दफ्तर बनाने के लिए फंड मिला है। जोन -10 के लिए कार्यालय बनाने जमीन भी तय नहीं है।

राजधानी की तेजी से बढ़ती निगम की सीमा में जुड़े नए वार्डों में सुविधा को बेहतर किया जा सके, इस लिहाज से शासन के आदेश पर निगम में शामिल वार्डों व जोन का परिसिमन एवं विभाजन पांच साल पहले हुआ। तब आनन-फानन में मोवा थाना के पास वार्ड 9 में शामिल इकलौते सामुदायिक भवन में निगम ने जोन कार्यालय शुरू किया। इसी तरह डॉ.राजेन्द्र प्रसाद वार्ड यानी 52 में सरकारी स्कूल परिसर में स्थित वार्ड के इकलौते सामुदायिक भवन में जोन -10 कार्यालय शुरू किया गया। सूत्रों ने बताया कि नए जोन कार्यालय की शिफ्टिंग के दौरान दो साल में क्षेत्र में सरकारी जमीन का सर्वे करने के बाद जोन कार्यालय बनाने की प्रक्रिया करने का दावा किया गया।अब जल्द ही फिर चुनाव होने वाला है, लेकिन सामुदायिक भवनों से कमिश्नरी को नए भवनों में शिफ्टिंग नहीं हो पाई है। इससे लोगों को मिलने वाली सुविधा अटकी हुई है।





### लोगों को करना होगा इंतजार

मोवा वार्ड क्रमांक 09 की पार्षद द्रौपदी हेमंत पटेल के वार्ड में इकलौते भवन को खाली करवाने के लिए प्रयास किया गया, तो नई सरकार आने से पहले विधानसभा रोड स्थित भिक्षुक पुनर्वास केन्द्र के पास जोन कार्यालय की नई बिल्डिंग बनाने के लिए जगह तय हुई। विधानसभा चुनाव के बाद जोन दफ्तर बनाने के लिए एकर करोड़ रूपए की स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय करके निर्माण भी शुरू हुआ है। इसे बनने में अभी समय लगेगा इसलिए वार्ड के लोगों को भवन की सुविधा के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

### जल्द पूरा होगा कार्यालय निर्माण

विधानसभा रोड के पास स्थित भिक्षुक पुनर्वास केन्द्र के पास नए जोन कार्यालय का निर्माण कार्य जारी है। इसे जल्द पूरा करने के लिए एजेंसी को कहा गया है। अभी ढलाई का काम करवाया गया है।

**- संतोष पांडेय,** आयुक्त, जोन-09, नगर निगम, रायपुर

### अभी भवन बनाने प्रस्ताव नहीं

अभी जोन कार्यालय बनाने के लिए प्रस्ताव नहीं है। इसके लिए पूर्व में जमीन तय नहीं हुई थी, इसके चलते आगे की प्रक्रिया नहीं की गई। अधिकारियों का आदेश होने पर आगे प्रयास किया जाएगा।

**- राकेश शर्मा,** आयुक्त, जोन-10, नगर निगम, रायपुर

### कार्यालय बनाने प्रस्ताव भी नहीं

वार्ड 52 की पार्षद संध्या नानू ठाकुर ने अमलीडीह पानी टंकी के पास स्थित सामुदायिक भवन को खाली करवाने कई बार निगम में आवेदन किया है। बताया कि वार्ड में इकलौता सामुदायिक भवन है। इसे हर वर्ग के लोग वैवाहिक व सामाजिक आयोजनों के लिए बुक करते थे। पांच साल पहले वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जोन 10 कार्यालय शिफ्ट करने के बाद सुध नहीं ली गई। इससे अभी तक लोगों की सुविधा के लिए भवन भी वापस नहीं मिला। अधिकारी यहां-वहां जमीन तय करने का भरोसा दिला रहे व प्रस्ताव भी नहीं बनाया है।

### एक करोड़ में बन रही बिल्डिंग

सूत्रों ने बताया कि मोवा में जोन कार्यालय बनाने के लिए जगह तय करने के बाद वहां निर्माण के लिए एजेंसी को मार्च में जिम्मेदारों ने वर्कआर्डर दिया है। इसके लिए शासन से एक करोड़ की मंजूरी मिलने से ड्राइंग-डिजाइन तैयार करवाने के बाद काम शुरू किया गया है। अभी केवल बिल्डिंग निर्माण के लिए फंड मिला है। इसके अलावा परिसर में पार्किंग, स्ट्रीट लाइट, सड़क जैसी कई सुविधाओं के लिए निगम को दोबारा प्लानिंग करनी होगी, चूंकि इन कार्यों के लिए बजट नहीं मिला है। एजेंसी की नई बिल्डिंग का निर्माण जारी है।

## अग्रथान दौड़ 8 को समाज ने टी-शर्ट का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी में आयोजित होने जा रहे अग्रवाल समाज के अग्रथान का आयोजन 8 सिंतबर को किया जाएगा। इस दौड़ में सभी समाज के लोग हिस्सा लेंगे। गुरुवार को आयोजन की टी-शर्ट का अनावरण समाज के सभी पदाधिकारियों के बीच अग्रसेन भवन जवाहर नगर में किया गया।

अग्रवाल युवा मंडल के अध्यक्ष राम अग्रवाल ने बताया, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध करना है। जब सभी समाज मिलकर एकजुट हो जाएंगे, तो निश्चित ही यह समाप्त होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल जी ने बताया कि अग्रवाल समाज हर वर्ष आयोजन करता आ रहा है। प्रचार प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल व आयुष मुरारका ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट दी जाएगी और विभिन्न वर्गों में लगभग 1 लाख के पुरस्कार प्रतिभागियों को दिए जाएंगे। अनावरण में मुख्य रूप से अग्रवाल सभा के पदाधिकारी महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, सहलाकर कैलाश मुरारका, अखिल भारतीय अग्रवाल के अध्यक्ष किशन अग्रवाल, युवा मंडल प्रभारी सुभाष अग्रवाल, संगठन मंत्री योगी अग्रवाल, बिजय अग्रवाल, जयंती प्रभारी मनीष उपस्थित रहे।

### गणेश पंडाल में बिजली चोरी कर जलाई तो होगी एफआईआर

**रायपुर**। शहरभर में गणेशोत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है। लंबे-चौड़े पंडाल बनाए जा रहे हैं। बिजली कंपनी ने गणेशोत्सव समितियों को पत्र लिखकर चेताया है कि उत्सव के दौरान चोरी की बिजली से पंडालों को रोशन न करें, अन्यथा एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। साथ ही ट्रांसफार्मर और लाइन के नीचे पंडाल किसी भी सूरत पर न लगाएं। पंडाल में अस्थायी बिजली कनेक्शन लेना जरूरी होगा। बिजली चोरी करने पर समितियों पर धारा 135 के तहत कार्रवाई की जाएगी। त्योहार को देखते हुए बिजली कंपनी ने समितियों के लिए कई दिशा-निर्देश भी जारी किए है।

## रात्रि तक 32 मिमी बारिश 14 तक नहीं छंटेंगे बादल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



■ घंटेभर की बारिश ने ही भिगोया शहर को, राजधानी सहित कई स्थानों पर खंड वर्षा

सावन के बाद भादो माह में भी हो रही अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। गुरुवार को सुबह 8.30 से रात्रि 8.30 तक रायपुर में 32 मिमी बारिश दर्ज की गई। दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही, लेकिन शाम के बाद हुई घंटेभर की बारिश ने ही शहर को भिगो दिया। मौसम विभाग के अनुसार, 7 सितंबर से प्रदेश में व्यापक वर्षा होने की स्थिति निर्मित हो रही है। 14 सितंबर तक यही स्थिति बनी रहेगा। गुरुवार रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में खंड वर्षा हुई।

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी, आंध्रप्रदेश और ओडिशा तट से दूर एक निम्नदाब का क्षेत्र बना हुआ है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके उत्तर दिशा की ओर अगले दो दिनों तक आगे बढ़ने की संभावना है। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर सूरतगढ़, रोहतक, ओरई, मंडला और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। इन परिस्थितियों के कारण आने वाले एक सप्ताह तक बदली-बारिश की स्थिति बनी हुई है।

### दक्षिण छग रहेगा मुख्य क्षेत्र

7 सितंबर से होने वाली व्यापक वर्षा के पूर्व 6 सितंबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में 1-2 स्थानों पर भारी वर्षा होने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। गुरुवार को सर्वाधिक तापमान 35.3 डिग्री जांजगीर, मुंगेली और लखनपुर में दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान नारायणपुर में 20.9 डिग्री रहा। रायपुर में अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 24.9 रहा।

## रविशंकर विश्वविद्यालय से सटे दो मंजिला कैफे में आग से हड़कंप




■ आग लगने की वजह गैस सिलेंडर लीकेज होने की आशंका

■ एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सरस्वती नगर थाना क्षेत्र स्थित रविशंकर विश्वविद्यालय के गेट से सटे एक कैफे में दोपहर आग लगने से हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में कामयाबी हासिल की। आग की चपेट में आने से दो मंजिला कैफे पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग लगने की वजह गैस सिलेंडर में लीकेज होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक यूनिवर्सिटी के गेट के पास दो मंजिला बंक क्लास कैफे है। कैफे में आग लगने की घोटना दोपहर तीन से साढ़े बजे के बीच की है।

घटना के समय कुछ लोग कैफे के अंदर मौजूद थे। कैफे के अंदर धुंआ निकलते देख वहां उपस्थित लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। कैफे के अंदर जो लोग थे, वे आनन-फानन में कैफे से बाहर निकले और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने के पहले कैफे पूरी तरह से आग की चपेट में आ गया था और देखते ही देखते कैफे पूरी तरह से जल गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## डीएड-बीएड प्रशिक्षितों ने शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ प्रदेश के 33 जिलों में 7 सूत्रीय मांगों से अवगत कराने रैली

■ कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ के आव्हान पर प्रशिक्षितों ने प्रदेश में 33 हजार शिक्षक भर्ती जल्द करने की मांग को लेकर रैली निकाली। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के 33 जिलों में रैली निकालकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कलेक्टोरेट के सामने नारेबाजी और प्रदर्शन कर डीएड-बीएड प्रशिक्षितों ने शिक्षक वर्ग-2 की भर्ती विषयवार करने युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों को बंद करने के फैसले को निरस्त करने की मांग की।

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ के अध्यक्ष दाऊद खान का कहना है कि यदि 15 सितंबर तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो प्रभावित प्रशिक्षित बेरोजगार 21 सितंबर से राजधानी में प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन और अनशन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

### प्रमुख मांगें

- प्रदेश के स्कूलों में रिक्त 33 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाए, जिसमें सभी संकाय व विषय के पद शामिल हों।
- शिक्षक वर्ग 2 की भर्ती विषयवार हो।
- युक्तिकरण के नाम पर प्रदेश के 4 हजार स्कूलों को बंद करने निर्णय स्थगित नहीं, निरस्त किया जाए।
- स्कूल शिक्षा विभाग के 2008 के सेटअप को यथावत रखकर नई भर्तियों की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण हो।
- आगामी शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग को 5 फीसदी छूट देने की मांग।
- प्रदेश के स्कूलों में छत्तीसगढ़ी में पीजी डिप्लोमाधारियों के लिए पद सृजित कर उनके पदों पर भर्ती की जाए।

### सोलह श्रृंगार स्पर्धा के विजेताओं का किया सम्मान

**रायपुर**। टिकरापारा स्थित सरजू गार्डन में बेटी बचाओ मंच संतोषी नगर द्वारा तीज महोत्सव और सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि मंच के प्रदेशाध्यक्ष ललित मिश्रा ने भगवान कृष्ण की तस्वीर की पूजा अर्चना व छप्पन भोग लगाकर की गई। इसी दौरान प्रतियोगियों को प्रदेशाध्यक्ष ने धर्म गमछा, आकर्षक पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र भेट किया। शहर महासचिव अंजलि यदु ने सोलह श्रृंगार करके उपस्थित महिलाओं का कुमकुम लगाकर सुहाग सामग्री भेंटकर स्वागत किया और तीज क्वीन विजेता वर्षा कार्तिकेय, उपविजेता सुप्रिया धुवारे, सोलह श्रृंगार प्रथम पूजा सिन्हा तथा द्वितीय संगीता गुप्ता को सम्मानित किया गया। मेहदी प्रतियोगिता में प्रथम आशा धीवर, कृष्ण के बाल रूप को दौड़कर छुने में प्रथम के कल्पना राव घोषित हुए और श्रेष्ठ अवार्ड अंजली यदु को दिया गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### वी केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ स्थित वी केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने बीमा सप्ताह के अवसर पर एलआईसी डिविजनल ऑफिस पंडरी रायपुर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य एलआईसी के स्टाफ, अधिकारियों, ग्राहकों और आसपास के निवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करना था। शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया, जिसमें वी केयर हॉस्पिटल और एलआईसी डिविजनल ऑफिस पंडरी के संयुक्त प्रयास से स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में हड्डीरोग, मेडिसिन, ब्लडप्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी और बोन डेंसिटोमेट्री जैसी जांचों की सुविधा प्रदान की गई। वी केयर हॉस्पिटल के एक्सपर्ट डॉक्टरों ने सेवाएं दी, जिनमें प्रमुख रूप से डॉक्टर विवेक पांडे (ऑर्थोपेडिक सर्जन) और डॉ. अनीस सिद्दीकी (मेडिसिन विशेषज्ञ) शामिल थे। इस शिविर में लगभग 250 से 300 लोगों ने भाग लिया और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

### पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम



**रायपुर**। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन भाठागांव में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम और खेलों का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्थान की निदेशक कविता कुम्भज ने कहा कि मेहनत, समर्पण, और ईमानदारी ही हमें अपने लक्ष्यों तक पहुंचाने में मदद करती है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन और नियमितता का पालन करके ही जीवन में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं।

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में मनाया शिक्षक दिवस




■ शिक्षक दिवस पर आयोजन

**रायपुर**। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. बीके शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ. रमेश कुमार पाण्डे और डॉ. मंजू पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एसके सिंह ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय केवल सूचनाओं का केंद्र नहीं है, बल्कि ये विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों की प्रतिस्थापना कर उन्हें श्रेष्ठ नागरिक भी बनाते हैं।



## तीन हजार तक कीमती फुलेरा

फूलों का कारोबार करने वाले युवराज साहू ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी तीज का व्रत रखने वाली महिलाओं ने पत्ती व विभिन्न तरह के फूलों का उपयोग करते हुए झुमर डिजाइन में फुलेरा के लिए आर्डर किया है। 500 से 3000 की रेंज में गेंदा, गुलाब, चमेली, रातरानी जैसे फूलों से फुलेरा सजाने के लिए आर्डर देने के साथ ही कई लोग गुरुवार की शाम को ही ले गए। कुछ लोगों ने शुक्रवार को ले जाने के लिए आर्डर किया है। उनके आने पर फुलेरा सजाकर दिया जाएगा। भव्य आयोजन करने वाली महिलाएं कीमती फुलेरा का आर्डर कर रही हैं, जबकि घरों के लिए 200 से 300 रुपए कीमती फुलेरा खरीदे जा रहे हैं।



इस बार भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि का प्रारंभ 5 सितंबर को दोपहर 12:21 मिनट से हुआ। इसका समापन 6 सितंबर को दोपहर 3:01 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया काल की मान्यता के तहत हरतालिका तीज का व्रत शुक्रवार को सुहागिनें रख रही हैं। इस बार पूजा के लिए सुहागिनों को विभिन्न ग्रह-नक्षत्रों का त्रियोग मिल रहा है। इसके पहले गुरुवार को तीज के चलते बाजार में दिनभर रौनक रही।



व्रत शुरू करने से पहले मार्केट में रही तिजहारिनों की भीड़, गोलबाजार में सर्वाधिक खरीदी

# गुरुवार दोपहर 12.21 से प्रारंभ हुई तृतीया तिथि, शुक्ल अमृत व रवि योग में व्रत आज, मुक्का स्नान से शुरुआत

रायपुर। पूजा सामान खरीदने में ही व्रतधारी महिलाओं का दिन बिता। रात में करुभात खाने के बाद उन्होंने व्रत नियम शुरू किया। ज्योतषाचार्य डॉ.दत्तात्रेय होस्केरे ने बताया कि तीज व्रत करने वाली महिलाओं को शुक्ल योग, अमृत योग और रवि योग जैसे त्रियोग मिल रहे हैं। सुबह 6.35 बजे से पहले सिंह लग्न में संकल्प लेने के लिए शुभ समय होगा। पूजन के लिए मुहूर्त सुबह 10.57 से 1.12 बजे तक मिल रहा है। वहीं शाम को 5.06 से 6.40 बजे तक शुभ मुहूर्त मिल रहा है।





### लोकल करेले से ही हो गई आपूर्ति

श्रीराम थोक सब्जी मंडी के अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि इस बार बाहर से करेला मंगाने की स्थिति निर्मित नहीं हुई। लोकल बाजार से ही आपूर्ति हो गई। गुरुवार को करेला थोक बाजार में 40 से 50 रुपए किलो बिका, जबकि थोक में 80 से 120 रुपए किलो तक यह बिका। व्रत के दौरान पूजन में कई सामग्री की जरूरत होती है। इन सामानों को बेचने वाली द्रौपदी निषाद ने बताया कि पूजा सामान में शिव-पार्वती की मूर्ति भी पैकिंग करके 250 से 300 में दे रहे हैं। इसके अलावा झूमर की तरह पर फुलेरा फ्रेम भी रखा है। इसको इस बार अलग-अलग डिजाइन में 50 से 150 रुपए तक में बेच रहे हैं।

**नीम से दातुन, साबुन का प्रयोग नहीं :** तीज करने वाली महिलाएं शुक्रवार को सुबह नदी व तालाबों में मुक्कास्नान अर्थात मौन स्नान करती हैं। स्नान व पूजन के बीच वे बात करने से बचती हैं। नीम से दातुन करने के साथ ही साबुन की जगह तिली, महुआ की खल्ली, डोरी खरी तिली का उपयोग करती हैं। स्नान करने के बाद नदी के बालू या मिट्टी से तालाब के पास ही कुंवारी मिट्टी को खोदकर टोकरी में घर लाती हैं। इस कुंवारी मिट्टी से महादेव, माता गौरी की प्रतिमा बनाने के बाद फुलेरा में रखती हैं। शिव की पूजा करते समय विभिन्न व्यंजनों जैसे ठेंठरी, खुरमी, कतरा, पूरी का भोग लगाने के बाद फूल, दीप, धूप के बाद गौरी को श्रृंगार भेंट करती हैं। भजन-पूजन के बाद रात्रि जागरण करके पति की लंबी आयु के लिए कामना करके दिनभर का निर्जला व्रत रखती हैं।

### कौशल्या माता को लगाया गया करुभात का भोग



चंदखुरी में स्थापित की गई माता कौशल्या संग तीजा पर्व की श्रृंखला गुरुवार से शुरू हुई। इस कड़ी में तीजा पर्व के अवसर पर माता कौशल्या को करूभात खिलाने की रस्म निभाई गई। गांव की महिलाओं ने पूजा स्थल पर घर से थाली में सजाकर लाए गए करेले की सब्जी और चावल अर्पित किए। इसे खाने के बाद माता कौशल्या ने परंपरा के तहत निर्जला व्रत शुरू किया। कार्यक्रम संयोजक राकेश तिवारी ने बताया कि माता कौशल्या के साथ सभी महिलाएं भी करूभात खाकर व्रत रहेंगी। शनिवार को माता कौशल्या बासी खाकर पारणा करेंगी। इसके बाद राकेश तिवारी के निर्देशन में लोकनृत्य नाटिका पेश किए गए।

## कैंपस इवेंट

### फैशन डिजाइनिंग सिर्फ कला नहीं यह दुनिया को दे रही नई दिशा



रायपुर। फैशन की दुनिया में बदलाव की बयार बह रही है। आज के समय में अवसरों की कमी नहीं है, लेकिन इनका सही उपयोग करने के लिए सटीक कदम उठाना आवश्यक है। ये बातें आंजनेय यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय वर्कशॉप फैशन नाउ एंड हाउ की शुरुआत के दौरान मुंबई से शामिल हुए डिजाइनर और इंटरप्रेन्योर मासूमी मेवावाला ने कही। उन्होंने आगे कहा कि अब फैशन सिर्फ डिजाइन की कला नहीं है। यह एक संपूर्ण प्रक्रिया है, जो निर्माण से लेकर बिक्री तक के हर पहलू को शामिल करती है। आजकल, स्ट्रीट स्टाइल और सोशल मीडिया फैशन की दुनिया को नई दिशा दे रहे हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया के प्रभाव के चलते, युवा वर्ग अब अपनी खुद की स्टाइल स्टेटमेंट बनाने में जुटे हैं।

#### फैशन में भी जरूरी है संतुलन

इसी के साथ, फास्ट फैशन और स्लो फैशन के बीच संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण हो गया है। फास्ट फैशन ट्रेंड्स को जल्दी अपनाता है, जबकि स्लो फैशन स्थायित्व और गुणवत्ता पर जोर देता है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी फैशन इंडस्ट्री में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एआई के जरिए डिजाइनिंग, ट्रेंड एनालिसिस और कस्टमर प्रेफरेंसेस को समझना अब और भी आसान हो गया है, जिससे फैशन इंडस्ट्री को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। कुलपति डॉ. टी रामाराव सहित सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक मौजूद रहे।

## लाइव इवेंट

### एनआईटी और भोपाल मिलकर करेंगे शोध, स्पेशल कोर्स भी



रायपुर। एनआईटी और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। दोनों संस्थाओं द्वारा आपसी सहयोग और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए यह अनुबंध किया गया है। इस समझौता ज्ञापन पर एनआईटी निदेशक प्रो.एनवी रमना राव और भोपाल एनआईटीटीटीआर निदेशक प्रो.सीसी त्रिपाठी ने हस्ताक्षर किए। नोडल अधिकारी सहित अन्य फैकल्टी मेंबर्स मौजूद रहे। आने वाले पांच सालों के लिए यह मान्य है। तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग सहयोग में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए दोनों संस्थानों ने यह अनुबंध किया है।

#### संचालित करेंगे अल्पकालिक पाठ्यक्रम

दोनों संस्थान अपने महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं को साझा करेंगे। संस्थान संयुक्त रुप से अनुसंधान परियोजनाओं के अवसरों की खोज करेंगे। संस्थानों का कहना है कि इससे छात्र वर्तमान उद्योग व्यवस्था के लिए तैयार होंगे और प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से शामिल होंगे। छात्रों की इंटर्नशिप के लिए संस्थानों द्वारा आवश्यक सहायता भी प्रदान की जाएगी। दोनों संस्थानों में आपसी रुचि और उपलब्ध विशेषज्ञता के आधार पर अल्पकालिक पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशालाओं और सम्मेलनों जैसी संयुक्त शैक्षणिक गतिविधियां भी कराई जाएंगी।









### ढोल संग स्वागत... आशुतोष व तृषा के सिर ताज

प्रगति कॉलेज में नवीन प्रवेश लेने वाले सभी नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। शुरुआत रैंपवॉक से हुई। डीजे और ढोल की धुनों ने मस्ती भरा माहौल बनाया। जूनियर्स के इंट्रो, नृत्य, गीत और हास्य प्रसंगों ने सीनियर्स को भी झूमने पर मजबूर कर दिया। मिस्टर इवनिंग आशुतोष यदु बने। वहीं मिस इवनिंग तृषा साहू चुनी गईं। मिस्टर फ्रेशर अकाश गुप्ता और मिस फ्रेशर कश्मीरा रजा बने।

### 9वीं से 12वीं के सैंपल पेपर जारी, मिलेगा पैटर्न का ब्योरा

रायपुर। सीबीएसई ने 9वीं से 12वीं के लिए स्किल एजूकेशन सैंपल पेपर 2024-25 जारी कर दिए है। फिलहाल कौशल शिक्षा विषयों के सैंपल पेपर जारी कर किए गए हैं। सैंपल पेपर्स को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया है। जो छात्र 2025 की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं, वे सभी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट से सैंपल पेपर डाउनलोड कर सकते हैं। सैंपल पेपर के जरिए परीक्षा पैटर्न और सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकार के साथ-साथ प्रत्येक विषय को दिए जाने वाले वेटेज की जानकारी मिलेगी। अगले साल 2025 की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होने की उम्मीद है, लेकिन बोर्ड द्वारा तारीखों के बारे में आधिकारिक घोषणा कुछ माह बाद की जाएगी। छात्र इसके लिए पहले से ही तैयारी कर लें, इसलिए सीबीएसई ने सैंपल पेपर जारी कर दिए है। प्रत्येक सैंपल पेपर में सामान्य निर्देश, अधिकतम अंकों का विवरण और अंकों का सेक्शन-वार वितरण शामिल है, जो छात्रों को उनकी परीक्षाओं की संरचना और अपेक्षाओं को समझने में मदद करेगा।

## आराधना

### कर्म अच्छे हैं तो जीवन सुधर जाएगा आराधना में अपना जीवन करें व्यतीत



रायपुर। कर्मों के फल से आज तक कोई नहीं बच पाया। स्वयं प्रभु महावीर स्वामी को भी पूर्व कर्मों की सजा भोगनी पड़ी थी। कर्म अच्छे हैं तो जीवन सुधर जाएगा। कर्मों को कोई समझ नहीं पाता। साधु भगवान को भी कर्म सत्ता ने नहीं छोड़ा, इसलिए कर्म करते समय एक बार विचार करें पाप क्रियो से बचकर रहें धर्म आराधना में अपना जीवन व्यतीत करें। अहंकार छोड़कर गलती ना हो तो भी जीवन में क्षमा भाव लाएं। सहनशील बनें। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में विराग मुनि ने ये बातें कही। गुरुवार के प्रवचन में उन्होंने भगवान महावीर के 27 भवों का वर्णन किया।

#### सुविधानुसार बदलते हैं धर्म क्रियाएं

मुनिश्री ने कहा कि परिवार में किसी की निंदा न करें। किसी का हक न मारें। गलत तरीके से व्यापार न करें। झूठ न बोलें। भूलकर भी पाप क्रिया न हो, इसका ध्यान रखें। सभी के साथ मैत्री भाव से रहें। पहले लोग भगवान के बताए रास्ते पर चलते थे। आज अपनी सुविधा अनुसार धर्म क्रियाएं बदल लेते हैं। जीवन में थोड़ी भी अड़चन आए तो सबसे पहले धर्म छोड़ देते हैं। धर्म-ध्यान में मन लगाएं, तभी आत्मोत्थान कर पाएंगे। सिद्धि तप के अंतर्गत शुक्रवार को 8 के उपवास का तीसरा दिन रहेगा। अन्य धार्मिक आयोजन भी इस कड़ी में होंगे।

## गुरुवार को दिनभर प्रतिमाओं को पंडाल तक ले जाने जारी रहा सिलसिला

कार्नर न्यूज

# छोटी प्रतिमाएं खरीदने उमड़े भक्त, महाराष्ट्रीयन थीम पर झूले में रिद्धि-सिद्धि संग विराजित गणेश हैं पहली पसंद

रायपुर। गणेश चतुर्थी से दो दिन पहले गुरुवार को बाजार में रौनक देखने को मिली। शहर के मुख्य बाजार में भगवान गणेश की प्रतिमा खरीदने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रतिमाएं घर ले जाने बच्चों में उत्साह देखने को मिला। बाजार में 2 फुट की महंगी मूर्तियों से लेकर कम दाम की मूर्तियां हाथों-हाथ बिकती रहीं। भीड़ से बचने लोग सुबह से प्रतिमा लेने पहुंचने लगे थे। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। सदरबाजार में अधिकतर मूर्तिकारों की प्रतिमाएं बिक गईं। बाजार में 1 से 4 फीट की मूर्तियां 100 से 5 हजार रुपए तक बिकीं। छोटी मूर्ति नहीं मिलने पर लोगों को महंगे दामों में भी बड़ी प्रतिमाएं खरीदनी पड़ीं। मूर्तिकार हेमत पुजारी का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी 90 प्रतिशत मूर्तियों की बिक्री हो गई, बाकी बची हुई प्रतिमाएं पर्व से पहले तक बिक जाएंगी। इस बार छोटी मूर्तियां अधिक बनाने के बाद भी कम पड़ गईं। बाजार में घर व दफ्तर में गणेशजी स्थापित करने छोटी मूर्तियों की मांग अधिक रही। मूर्तिकारों ने छोटी मूर्ति की मांग अधिक होने से इनके दाम भी बढ़ा दिए थे।



### बड़ी प्रतिमाओं को उठाने क्रेन की मदद

गुरूवार सुबह 6 बजे से विभिन्न जिलों की समितियों के सदस्य वाहन के साथ प्रतिमा लेने पहुंच गए थे। इस दौरान बड़ी मूर्तियों को गाड़ी में रखने मशक्कत भी करनी पड़ी। 1 से 6 फीट की छोटी मूर्तियां को हाथों से उठाकर गाड़ी में रखा गया, लेकिन 10 से 15 फीट की प्रतिमा के लिए समिति को क्रेन की मदद लेनी पड़ी। सुरक्षा की दृष्टि से कुछ समितियां ट्रक और क्रेन के साथ माना पहुंची थीं। डीजे और धुमाल के साथ युवा गणपति प्रतिमाओं को लेने पहुंचे थे। इस वजह से शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही।



### झूले में विराजित प्रतिमाएं कर रहीं आकर्षित

सदर बाजार में इस बार भी लोगों की डिमांड के अनुसार हर आकार की गणेश प्रतिमा बाजार में देखने को मिल रही है। हरिभूमि ने शहर के मूर्तिकारों से लोगों में प्रतिमा की मांग को लेकर बातचीत की। मूर्तिकार राजेश घोष ने बताया कि वर्तमान में झूले में विराजित गणेश संग रिद्धि-सिद्धि की प्रतिमा का चलन है। लोगों की डिमांड थी कि झूले में विराजित भगवान गणेश और रिद्धि-सिद्धि की मूर्ति होनी चाहिए। यह प्रतिमा काफी बिक रही है। झूले में विराजित गणेश मूर्ति की कीमत 3 से 4 हजार रुपए है। भगवान गणेश को अलग-अलग तरीके से डिजाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार महाराष्ट्रीयन थीम के गणपति की डिमांड लोग कर रहे हैं। दुकानकारों के अनुसार सदर बाजार में दिनभर में हजार से अधिक प्रतिमा बिक गई।

***चिंचपोकली का राजा भी बना पसंद :*** बाजार में छोटी प्रतिमाएं विभिन्न रूपों में हैं। जिसमें लाल बाग के राजा और चिंचपोकली के राजा के साथ ही मोर आसन जैसे मॉडल में भगवान गणेश की प्रतिमाओं की मांग अधिक बताई जा रही है। 8 से 10 इंच की गणेश मूर्ति की कीमत 500 से 1000 रुपए से शुरू है। कच्चे माल कि कीमत में वृद्धि होने के कारण प्रतिमाओं के दाम भी पिछले साल की तुलना में इस बार 10 से 15 फीसद बढ़ गए हैं।



महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में शिक्षकों का स्वागत ग्रुप डांस, उपहार व केक कटिंग के साथ की गई। शिक्षकों द्वारा रैंपवॉक भी किया गया। कॉलेज के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. एमएस मिश्रा व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



- विद्यालयों, महाविद्यालयों से लेकर राजभवन में हुआ आयोजन
- अगले वर्ष पुरस्कृत होने वाले शिक्षकों के नामों की घोषणा, 64 का चयन



कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में एक अनूठे कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को एक दिन के लिए शिक्षक बनने का अवसर दिया गया। इस नवाचारी पहल के अंतर्गत 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने शिक्षकों की जिम्मेदारी उठाई।



छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद सप्रे शाला परिसर में शिक्षक दिवस मनाया गया। परिषद के संयुक्त सचिव प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष इंदिरा जैन, संयुक्त सचिव राजेन्द्र कुमार निगम व अन्य उपस्थित रहे। परिषद में कार्यरत सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को 'राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार' समारोह का आयोजन किया गया। राजभवन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। राज्यपाल रमेन डेका ने चयनित शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान जहां 56 शिक्षकों का सम्मान किया गया, वहीं 2025 के पुरस्कारों के लिए 64 शिक्षकों के नामों की घोषणा की गई।



मंदिर हसौद स्थित विवेकानंद स्कूल में गुरुवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विवेकानंद एजुकेशन एकेडमी की डायरेक्टर डॉ. सितारा खान, डॉ. संजीव कर्मकार, आमिर खान, सुषमा पटनायक, सादिक अली व अन्य शामिल रहे।

# गुरु चरणों में समर्पित राजधानी

रायपुर। राजभवन में कार्यक्रम के दौरान सीएम विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा की। भविष्य में 13 हाइटेक लाइब्रेरी निर्माण करने की योजना की जानकारी दी गई। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी व लोक शिक्षण संचालक दिव्या उमेश मिश्रा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। पुरस्कार प्राप्त करने विभिन्न जिलों से शिक्षक राजधानी पहुंचे रहे। सम्मान समारोह के एक दिन पूर्व रिहर्सल भी रखा गया था। पुरस्कृत होने वाले शिक्षकों में कई दिव्यांग शिक्षक शामिल रहे। हरिभूमि से विशेष बातचीत में शिक्षकों ने अपनी यात्रा साझा की।



सौ.कुसुमताई दाबके विधि महाविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह पर प्रध्यापक सैयद जाकिर अली, अमीन शेखर, शिशिर भंडारकर, प्रीति सतपथी, राजीव शर्मा और आरके शुक्ला को सम्मानित किया गया।

## छोटे भाई ने संभाली जिम्मेदारी तब पहुंच सका यहां तक



प्रधान पाठक हपका मुत्ता ने हरिभूमि से चर्चा कर अपने विद्यार्थी जीवन की चुनौतियों को साझा किया। कक्षा तीसरी में माता व कक्षा 11वीं में पिता के मृत्यु के बाद जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जिसके बाद स्कूली शिक्षा व घर की जिम्मेदारी छोटे भाई ने ली। साल 2004 में छोटे भाई की मृत्यु के बाद अब जीवन अनाथ सा लगने लगा है। स्कूली शिक्षा आदिवासी क्षेत्र स्थित आश्रम से की, जहां सुबह और शाम को केवल दो वक्त का भोजन मिलता था। पक्का मकान नहीं होने के कारण झोपड़ी में रहकर पढ़ाई की। सभी समस्याओं का सामना करते हुए शुरुआत संविदा भर्ती मिली। जिसके बाद गांव के बच्चों को साल 2005 से शिक्षा प्रदान कर रहा हूं। शिक्षक मुत्ता गांव के पढ़े-लिखे पहले व्यक्ति हैं।

## गीत और कार्टून के माध्यम से याद करा रहे पाठ



कोरिया जिला से शासकीय प्राथमिक शाला डकईपारा की सहायक शिक्षिका अर्पणा मिश्रा को भी पुरस्कृत किया गया। उन्होंने चर्चा में बताया, विद्यार्थी जीवन से ही शिक्षा व खेल के प्रति अधिक रुचि रही। शिक्षक बनने के बाद सबसे बड़ी चुनौती ग्रामीण क्षेत्र के माता-पिता को पढ़ाई के लिए जागरुक करना रहा। जागरुकता के बाद स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने लगी। छोटे बच्चों को किताबों से अधिक खेल की रोचक गतिविधियों में रुचि रहती है। मेरे द्वारा बच्चों को खेल, गीत, कार्टून, स्मार्ट टीवी, समर क्लास, ट्यूशन क्लास का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।



छग शिक्षा जागृति संघ द्वारा प्रदेश स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन पुरानी बस्ती स्थित अग्रवाल भवन में हुआ। विभिन्न स्कूलों के 150 प्राचार्य और उत्कृष्ट शिक्षकों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, विजय खंडेलवाल, कृष्ण गोपाल चक्रधारी, विनोद जैन, सुशील साहू आदि शामिल हुए।




श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में मुख्य अतिथि रविवि के प्रो.वीके शर्मा और विशिष्ट अतिथि शासकीय बिलासा गर्ल्स पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज बिलासपुर के डॉ. रमेश कुमार पांडे रहे। शिक्षकों के लिए व्याख्यान व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



लायंस क्लब ने अपने गोद लिए हुए विद्यालय सोनडोंगरी प्राथमिक स्कूल के 20 शिक्षकों को शॉल, श्रीफल एवं कलम देकर सम्मान किया गया। प्राचार्य सहित क्लब संस्थापक डॉ. निरंजन हरितवाल, अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सुनील गुप्ता व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## माता-पिता करते थे ईंट भट्टी में काम



मुंगेली जिला स्थित शासकीय माध्यमिक शाला गोइन्द्रा के प्रधान पाठक जितेन्द्र गेंदले को भी पुरस्कृत किया गया। वे बताते हैं कि बीते 18 वर्ष से शिक्षा के कार्य में कार्यरत हूं। बचपन में माता-पिता ईंट भट्टी में मजदूरी करते थे। वहां दूसरे बच्चों को स्कूल जाता देख मुझे भी पढ़ाई करने की प्रेरणा मिली। जिसके बाद लगातार स्कूल के टॉप-10 की सूची में नाम दर्ज किया। वर्तमान में स्कूल के छात्रों को नवोदय, एकलव्य, उत्कर्ष व अन्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयार करने का कार्य कर रहा हूं। बीत वर्ष 18 छात्रों का चयन प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से हुआ है।

## पिता से प्रेरणा लेकर बनी शिक्षक



शासकीय प्राथमिक शाला खिचरी विकासखंड बरमकेला की सहायक शिक्षिका सुनिता यादव सम्मान समारोह के अवसर पर शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि मेरे पिता शिक्षक थे, जिससे मुझे भी शिक्षक बनने की प्रेरणा मिली। वर्तमान में आर्थिक रुप से कमजोर विद्यार्थियों को अंग्रेजी व अन्य विषयों की पढ़ाई निशुल्क रुप से कराती हूं। बचपन में पिता से अनुशासन व समय के अनुरुप कार्य करने की कला सिखी।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने जिले के शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार एवं शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित किया। सांसद संतोष पाण्डे सहित अन्य उपस्थित रहे।



अवाम-ए-हिंद सोशल वेलफेयर कमेटी द्वारा जसबीर सरकार, देवेंद्र अगलावे, आयशा कलीम, शीबा निशा, सीमा चक्रधारी सहित 11 गुरुजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पं. अखिल शुक्ल, सैय्यद जाकिर हुसैन, जुबैर खान, राजेंद्र शर्मा, मजीद खान आदि शामिल थे।

## रायपुर से गोपाल और कामिनी का चयन

*2025 में जिन 64 शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा, उनमें रायपुर जिले से प्रधान पाठक गोपाल राम यादव और सहायक शिक्षक कामिनी साहू शामिल हैं। इनके अलावा धमतरी जिले की प्रीति सांडिल्य और किरण साहू, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की प्रियंका गोस्वामी और समय लाल काठे, राजनांदगांव की डॉ. शोभा श्रीवास्तव और मुन्हेलाल लिल्हारे, दंतेवाड़ा के सुमन जार्ज और सुनीता अजीत, कबीरधाम के रमेश चंद्रवंशी और कामिनी जोशी, सरगुजा के बंदना महथा और अनिता मंडिलवार, नारायणपुर के उमेश सलाम और सविता यादव, जशपुर के सरिता नायक और प्रवीण पाठक, कोरिया के अमृत लाल गुप्ता और विवेक सिद्धकी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के राजेश द्विवेदी और मीना जायसवाल, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के किशोर शर्मा और राजेश कुमार प्रजापति, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की संध्या साहू और संजय देवांगन, बलरामपुर-रामानुजगंज के चंद्रमुखी मेहता, दुर्ग के नरोत्तम साहू और खेमलता गोस्वामी, कोरबा की मधुलिका और प्रधान पाठक प्रिया दुबे, सूरजपुर के रंजय सिंह और प्रदीप जायसवाल, बलौदाबाजार-भाटापारा के मोहन लाल वर्मा और जगदीश साहू, मुंगेली की दुर्गा तिवारी और सुधारानी शर्मा, कोंडागांव के मनोज डड़सेना व शिवचरण साहू, रायगढ़ के टिकेश्वर प्रसाद व नंद किशोर सतपथी, सुकमा की अंजु बारसे और गांगाधर राना, गरियाबंद के खोमन लाल सिन्हा और दिप्ती मिश्रा, सक्ती के संजीव सूर्यवंशी और नीरा साहू, बालोद के नरोत्तम कुमार यदु और एनुका शार्वा, जांजगीर-चांपा के अमृत लाल साहू और प्रतिक्षा सिंह, बेमेतरा की सुनिता राजपूत और केवरा सेन, महासमुंद के जगदीश सिन्हा और डॉ.ज्योति किरण चंद्राकर, बिलासपुर की शांति सोनी और शिव कुमार छनवाणी, बस्तर की सईदा खान और देवश्री गोयल, उत्तर बस्तर कांकेर की कुसुम जैन, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही की आरती तिवारी और साबरा निशा, बीजापुर जिले के जगदीश्वर तोरेम और अरूण कुमार सिंह भी शामिल हैं।*



संत ज्ञानेश्वर स्कूल में सेवानिवृत्त प्रधानपाठिका संध्या खंगन ने कहा, किसी शिक्षक का सम्मान की इच्छा नहीं होती। उन्हें अपने काम से प्यार होता है। इस मौके पर प्राचार्य मनीष गोवर्धन, उप प्राचार्य राहुल वोडितेलवार सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



सिंधी साहित बिरादरी मंडल द्वारा समर्पण (नेत्रहीन) स्कूल के शिक्षकों का सम्मान किया गया। हीरापुर में स्कूल के 120 बच्चों का भी सम्मान किया गया। संयोजक अनिल हेमानी, मोहन टहिल्यानी, ऋतुराज, राजेश विदानी सहित अन्य उपस्थित रहे।



नूतन स्कूल टिकरापारा में शिक्षकों का पारंपरिक भारतीय संस्कृति के साथ सम्मान किया गया। छात्रों ने सभी शिक्षकों की आरती उतारी, उन्हें श्रीफल भेंट किया। मुख्य अतिथि हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सतीश सूर्यवंशी रहे। आरएसएस प्रचारक बीआर किरमेकर, लेखक किरण अवस्थी, प्राचार्य डॉ ममता पांडे व अन्य उपस्थित रहे।

## गुरुओं के सम्मान में सजा मंच, निगम स्कूल के 86 शिक्षकों का सम्मान

शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को गांधी सदन में गुरुजनों के सम्मान में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निगम के खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के आयोजन में पूर्ववर्ती निगम स्कूलों के 86 शिक्षकों को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महापौर एजाज ढेबर, विभाग के मारसायक सदस्य जितेंद्र अग्रवाल ने नवीन सरस्वती स्कूल की सेवानिवृत प्राचार्य सीमा वर्मा सहित अन्य स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक और शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। महापौर ने अपने सभी कक्षाओं के गुरुजनों के नाम बताया एवं कहा कि वे जो कुछ हैं वह शिक्षकों का आशीर्वाद है। खेलकूद ,युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल ने कार्यक्रम में शामिल गुरुजनों का वंदन करते हुए कहा कि समाज के नवनिर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मान के सच्चे हकदार हैं। इनके मार्गदर्शन की जरूरत हमें हर कदम-कदम पर पड़ती है। इस मौके पर समापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, सुंदर जोगी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन शिक्षक संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय शुक्ला ने किया।







ज्ञान गंगा में विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शाला की चेयरपर्सन मंजू शांडिल्य, डायरेक्टर प्रियंका शांडिल्य और प्राचार्य प्रतिमा राजगोर व अन्य उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अखिल भारतीय क्रिकेट के फाइनल में पहुंचा छत्तीसगढ़




**रायपुर।** तमिलनाडु क्रिकेट एसोसियेशन द्वारा अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन 15 अगस्त से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का सेमीफाइनल मैच (02 से 05 सिंतबर) नाथम, तमिलनाडु में तमिलनाडु के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 150.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 467 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतीक यादव ने शानदार शतक लगाते हुये 109 रन बनाये, इसके अतिरिक्त कप्तान अमनदीप खरे ने 97 रन, अनुज तिवारी ने 93 रन तथा आयुष पांडेय ने 82 रनो का योगदान दिया। तमिलनाडु की ओर से अजित राम तथा लक्ष्य जैन ने 4-4 विकेट प्राप्त किये। तमिलनाडु के खिलाड़ी अपनी पहली पारी में 64.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 194 रन ही बना पाए। तमिलनाडु की ओर से अजितेश ने 39 तथा वैष्ना कुमार ने 33 रनों का योगदान दिया। वहीं छत्तीसगढ़ गेंदबाजो ने शानदार गेंदबाजी करते हुये किसी भी बल्लेबाज को बडा स्कोर करने से रोके रखा तथा नियमित अंतराल में विकेट लेते रहे। छत्तीसगढ़ की ओर से गगनदीप सिंह ने 4, शंशाक तिवारी तथा मो. इरफान ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने अपनी दुसरी पारी में 82 ओवरों में 8 विकेट खोकर 207 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान अमनदीप खरे ने 77 रन तथा अनुज तिवारी ने 40 रनों का योगदान दिया । तमिलनाडु की ओर से लक्ष्य जैन ने 5 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रा पर समापत हुआ, छत्तीसगढ़ ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर फायनल में प्रवेश पाया। प्रतियोगिता का फायनल मैच 08-11 सिंतबर को हैदराबाद के विरुद्ध खेला जाएगा।

### पैरालंपिक खेलों में सुहास और नित्या ने जीते मेडल



**रायपुर।** भारतीय पैरा खिलाड़ियों सुहास यतिराज और नित्या श्री ने हाल ही में हुए पैरालंपिक खेलों में क्रमशः सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीते। खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनके स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग कोच राहुल पांडेय का अहम योगदान रहा है। राहुल छत्तीसगढ़ के रायपुर के रहने वाले है, वह छत्तीसगढ़ के खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पदस्थ थे। उनके द्वारा ट्रेनिंग दिए 6 खिलाड़ियों में से 2 ने मेडल प्राप्त किया। पांडेय ने इन खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत और समर्पण से प्रशिक्षित किया। उनके मार्गदर्शन में सुहास और नित्या ने अपनी फिटनेस और प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार किया।

### बिलियर्डस एवं स्नूकर टीमों की चयन स्पर्धा 11 से भिलाई में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सब जुनियर, जुनियर बालक एवं बालिका तथा सीनियर पुरुष एवं महिला बिलियर्डस एवं स्नूकर टीमों के गठन हेतु 11 सितंबर से 13 सितंबर तक 15 रेड स्नूकर एवं 18 सितंबर से 20 सितम्बर 6 रेड स्नूकर फिनिशर्स की चयन प्रतियोगिता का आयोजन स्नूकर क्लब, अवंती बाई चौक, नियर दुबे डेयरी, कोहका रोड, भिलाई में सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित है। संयोजक आदित्य प्रकाश शुक्ला ने बताया कि चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले सब जुनियर बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का जन्म एक जनवरी 2008 तथा जुनियर बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का जन्म एक जनवरी 2005 या उसके बाद होना चाहिए। खिलाड़ियों को आयु प्रमाण संबंधित जन्मप्रमाण पत्र मार्कशीट, आधार कार्ड लाना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें चयन स्पर्धा में भाग लेने नहीं दिया जायेगा। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का पंजीयन शुल्क रुपये 2100/- प्रति खिलाड़ी होगा।

### अंतरराज्यीय बैडमिंटन में छत्तीसगढ़ की जूनियर टीम का खिताब पर कब्ज़ा


**रायपुर।** आणंद (गुजरात) में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय अंतरराज्यीय बैडमिंटन स्पर्धा के दलीय मुकाबले के फाइनल में छत्तीसगढ़ की जूनियर बालक (19 वर्ष आयु समूह) टीम ने महाराष्ट्र को 2-0 से हरा कर खिताब हासिल किया। पहले एकल मुकाबले में छत्तीसगढ़ के रौनक चौहान ने महाराष्ट्र के आदित्य त्रिपाठी को 15-21,23-21,22-20 से तथा युगल मुकाबले में छत्तीसगढ़ के सौरभ साहू और जयेश होशंगाबादी की जोड़ी ने महाराष्ट्र के अर्जुन टी बिराजदार और आर्यन टी बिराजदार की जोड़ी को 21-18,17-21,21-18 से हराया।

दिल और दिमाग की सेहत का असर होता है शरीर के दूसरे हिस्सों पर भी

# दिल और दिमाग दोनों को सेहतमंद रखेंगे तो चल पड़ेगी जिंदगी की गाड़ी

क्या आप जानते हैं कि आपके मस्तिष्क और हृदय का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है? या यूं कहें कि एक दूसरे पर निर्भर है। यानी अगर दिल या दिमाग में से कोई भी अस्वस्थ है तो इसका दुष्प्रभाव दूसरे अंग पर देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं ने भी अध्ययन में पाया कि जिन लोगों का दिमाग स्वस्थ होता है उनमें हार्ट की समस्याओं के विकसित होने का खतरा कम होता है, वहीं जिन लोगों का हृदय स्वस्थ होता है उनमें डिमेंशिया-अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी गड़बड़ दिनचर्या और खान-पान की समस्या के कारण इन दोनों अंगों पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल, जंक-फास्ट फूड्स का अधिक सेवन और व्यायाम की कमी न सिर्फ आपमें हृदय की बीमारियों का खतरा बढ़ा रही है साथ ही इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर हो सकता है।



## हार्ट और दिमाग का कनेक्शन

अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि आप अपने हृदय को स्वस्थ रखकर, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के जोखिम को भी कम करते हैं। असल में हामारा हृदय, वाहिकाओं के माध्यम से मस्तिष्क सहित शरीर के हर हिस्से में रक्त पंप करता है। रक्त वाहिकाओं के क्षतिग्रस्त होने से हृदय रोग, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। फिनलैंड के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि वयस्कावस्था में जिन लोगों ने अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रयास किए उनमें आगे चलकर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों जैसे अल्जाइमर और डिमेंशिया के विकसित होने का खतरा 40 फीसदी तक कम पाया गया।



## आहार का ध्यान रखना सबसे जरूरी


स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भोजन को स्वस्थ रखकर और दिल और दिमाग दोनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम कर सकते हैं। आहार में साबुत अनाज, नट्स, मौसमी फल और सब्जियां, दालें, ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजों का नियमित रूप से सेवन करना आपकी रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने और मस्तिष्क में होने वाली दिक्कतों को कम करने में लाभकारी हो सकती है। आहार को स्वस्थ रखकर आप दिल की बीमारियों के खतरे को 40 फीसदी तक कम कर सकते हैं।

## नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

नियमित व्यायाम संपूर्ण शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इससे हृदय और दिमाग में रक्त का प्रवाह बढ़ाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को प्रतिदिन कम से कम 150 मिनट का व्यायाम करने की सलाह देते हैं। व्यायाम करने से सेंडेंटरी लाइफस्टाइल के कारण शरीर को होने वाली समस्याओं के जोखिमों को भी कम किया जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि जो लोग नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी बीमारियों के विकसित होने का खतरा कम हो सकता है।

## मस्तिष्क का आराम देना जरूरी

मस्तिष्क का आराम देने के लिए प्रयास करते रहना भी बहुत आवश्यक है, इसके लिए मेडिटेशन और रिलैक्सेशन जैसे अभ्यास किए जा सकते हैं। मेडिटेशन से न सिर्फ मस्तिष्क को आराम मिलता है साथ ही इससे ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल रहता है। ये ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने के साथ स्ट्रोक जैसी मस्तिष्क की गंभीर समस्याओं के खतरे को भी कम कर सकता है। दिमाग और दिल दोनों को सेहतमंद रखने के लिए डीप ब्रीदिंग अथवा मेडिटेशन जैसे अभ्यास लाभकारी हो सकते हैं।



# लॉकर के आसपास नहीं रखनी चाहिए ऐसी चीजें, रूठ जाती हैं लक्ष्मी मां

अगर आप अपने जीवन में बरकत चाहते हैं तो ऐसे में आपको अपने लॉकर के आसपास की चीजों पर भी ध्यान देना चाहिए। हम सभी अपने घर व ऑफिस में पैसे रखने के लिए एक निश्चित जगह तय करते हैं। पैसे हर व्यक्ति के लिए बेहद अहम है और इसलिए इन्हें सुरक्षित तरह से रखने के लिए तिजोरी का इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है। जब तिजोरी या उसके आसपास की जगह का खास ध्यान रखा जाता है तो इससे लक्ष्मी माता काफी प्रसन्न होती है। चूंकि तिजोरी का संबंध धन व देवी लक्ष्मी से है, इसलिए आपको अतिरिक्त सावधान रहना चाहिए।



कई बार हम अनजाने में तिजोरी के आसपास ऐसी कई चीजें रख देते हैं, जिससे उस स्थान पर नेगेटिविटी बढ़ने लगती है। इससे लक्ष्मी मां रूठ जाती है और व्यक्ति को धन से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि आपको तिजोरी के आसपास किन-किन चीजों को नहीं रखना चाहिए-

## फटी-पुरानी किताबें ना रखें

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें किताबें व नॉवल पढ़ने का शौक होता है। लेकिन वे अक्सर पढ़ने के बाद उन किताबों को तिजोरी के पास ही रख देते हैं। हालांकि, ऐसा करना सही नहीं माना जाता है।

# कानों में आती है घंटी बजने जैसी आवाज तो रहें सावधान



हमारे शरीर के सभी अंग आपस में एक दूसरे से कनेक्टेड होते हैं, यही कारण है कि किसी एक अंग में होने वाली समस्या के कारण पूरा शरीर प्रभावित हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम सभी अक्सर हृदय-फेफड़े जैसे अंगों में होने वाली समस्याओं को लेकर तो अलर्ट रहते हैं और इसे ठीक रखने के लिए प्रयास भी करते रहते हैं, पर आंख-कान जैसे अंगों की सेहत पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। हालांकि इन अंगों में होने वाली समस्याओं के कारण भी शरीर में गंभीर दुष्प्रभावों का जोखिम हो सकता है। आज हम कान में अक्सर घंटी बजने जैसी आवाज आने की समस्या के बारे में जानेंगे। क्या आप भी इस तरह की दिक्कत महसूस करते रहते हैं? अगर हां तो तुरंत अलर्ट हो जाइए, कहीं ये टिनिटस की दिक्कत तो नहीं है? कानों की इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत होती है क्योंकि जिन कारणों से ये समस्या विकसित होती है, उसके दीर्घकालिक जोखिम हो सकते हैं।

## टिनिटस की समस्या के बारे में जानिए

कानों में आवाज आने की समस्या यानी टिनिटस के कारण आप अपने एक या दोनों कानों में घंटी बजने या शोर जैसी आवाज का अनुभव कर सकते हैं। आप जो आवाज सुनते हैं वह किसी बाहरी ध्वनि के कारण नहीं होता है और अन्य लोग इसे नहीं सुन सकते हैं। टिनिटस बहुत आम सी समस्या है और यह लगभग 15% से 20% लोगों को प्रभावित करती है। विशेषरूप से वृद्ध लोगों में इसके होने का खतरा अधिक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टिनिटस आमतौर पर किसी अंतर्निहित समस्या के कारण हो सकती है जिसपर ध्यान देना और इलाज कराना बहुत आवश्यक हो जाता है।



## कान में चोट या संक्रमण हो सकती है वजह

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टिनिटस आमतौर पर किसी अंतर्निहित समस्या जैसे उम्र से संबंधित सुनने की बीमारी, कान में चोट या संक्रमण, संचार प्रणाली की समस्या के कारण हो सकती है। अगर इन स्थितियों का समय पर निदान या उपचार न हो पाए तो इसके कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का भी खतरा रहता है। टिनिटस की समस्या का कारण सर्दी जैसा ऊपरी श्वसन संक्रमण भी हो सकता है, जिसपर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक होता है। टिनिटस का अगर समय पर इलाज न हो पाए तो बहरापन भी हो सकता है।

## हमेशा के लिए जा सकती है सुनने की शक्ति

हमारे कान के आंतरिक हिस्से में छोटी, नाजुक कोशिकाएं होती हैं जो ध्वनि तरंगें मिलने पर हिलती हैं। यदि आंतरिक कान में कुछ समस्या आ जाए तो इसके कारण भी टिनिटस हो सकता है ।




# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'आयरन मैन' की भूमिका छोड़ने का रॉबर्ट डाउनी को है अफसोस!

हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने लंबे समय तक मार्वल फिल्मों में आयरन मैन की भूमिका अदा की। वहीं, अभिनेता क्रिस्टोफर नोलन की 2023 की



ऑस्कर विजेता फिल्म 'ओपेनहाइमर' में एक अलग भूमिका में दिखाई दिए। अब वह एक बार फिर से मार्वल यूनिवर्स में सुपर विलेन 'डॉक्टर डूम' के रूप में वापस आ गए हैं, तो उन्होंने अपने मशहूर टोनी स्टार्क किरदार को छोड़ने के बारे में अपना अफसोस जताया। अभिनेता ने अपने जीवन और करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे। साल 2008 में वह सेलिब्रेटी के तौर पर एक नए स्तर पर पहुंचे, जब उन्हें मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में स्टार्क की भूमिका मिली। इस फ्रेंचाइजी और उनके किरदार ने विश्व स्तर पर धूम मचा दी। वह दर्शकों के सबसे पसंदीदा किरदार के रूप में पहचाने जाने लगे। उनकी इतनी लोकप्रियता थी कि 'स्टार्क' की मृत्यु के बाद मार्वल अपने कठिन दौर से गुजर रहा है। अभिनेता से न्यूयॉर्क टाइम्स पत्रिका से बातचीत में जब उनसे पूछा गया कि इतने लंबे समय तक एक ही किरदार निभाने से उनके करियर पर क्या असर पड़ेगा? तो डाउनी जूनियर ने कहा, 'हां, सौ फीसदी, और मुझे पता था कि एक समय ऐसा भी था जब क्रिस नोलन इस किरदार को निभाने का समर्थन कर रहे थे, चलो उन दूसरी चीजों पर काम करते हैं, लेकिन ऐसा करते समय आपको अपनी सामान्य चीजों से दूर रखना पड़ता है।' आखिरकार, डाउनी जूनियर को नोलन का फोन आया, जिन्होंने उन्हें 'ओपेनहाइमर' में लुईस स्ट्रॉस की भूमिका निभाने के लिए कहा। डाउनी ने अपने प्रदर्शन के लिए एक अकादमी पुरस्कार भी जीता, जिसमें उनके चरित्र ने सिलियन मर्फी के जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर के प्रति दशकों पुरानी नाराजगी को दिखाया।

## टॉलीवुड

### मद्रास हाईकोर्ट ने 'जीओएटी' के निर्माताओं को भेजा कानूनी नोटिस

तमिल सुपरस्टार विजय इन दिनों अपनी फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म उनके फैंस के लिए काफी ज्यादा खास है, क्योंकि, इसके



बाद वह अभिनय से संन्यास लेकर पूरी तरह राजनीति में सक्रिय होने जा रहे हैं। इस बीच फिल्म की रिलीज से पहले 'द जीओएटी' के निर्माता अपनी एक फिल्म की वजह से चर्चा में आ गए हैं। दरअसल, 'द जीओएटी' का निर्माण अर्चना कपाथी की एजीएस एंटरटेनमेंट के बैनर तले हुआ है। विजय की सुपरहिट फिल्म बिगिल का निर्माण भी इसी प्रोडक्शन हाउस की ओर से किया गया था। 4 सितंबर (बुधवार) को मद्रास हाई कोर्ट ने विजय की नई फिल्म की रिलीज से पहले 'बिगिल' की स्क्रिप्ट की कथित चोरी के मामले में फिल्म निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा है। लेखक अमजथ मीरान ने कुछ साल पहले मद्रास हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि 'बिगिल' की स्क्रिप्ट कथित तौर पर चोरी की गई थी, लेकिन यह केस तब बंद कर दिया गया था जब अदालत ने पाया कि यह सिर्फ एक मानहानि का मामला था। मामला में फैसला फिल्म निर्माताओं के पक्ष में आया था और इसे साहित्यिक चोरी से मुक्त करार दिया गया था। हालांकि, अदालत ने अमजथ मीरान को निर्माता अर्चना कलापथी और निर्देशक एटली को एक-एक लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया था, लेकिन दो साल बाद भी मीरान जुर्माना अदा नहीं कर सके। इसके बाद उन्होंने कथित दौर पर हुई देरी के लिए माफ करने की एक अपील दायर की, जिसके बाद अदालत ने एटली और फिल्म निर्माता को इस पर जवाब देने का निर्देश दिया। जीओएटी की बात करें तो फिल्म का निर्देशन वेंकट प्रभु ने किया है।

## भोजपुरी

### यामिनी की भोजपुरी फिल्म 'भोज' की शूटिंग गोरखपुर में शुरू, सेट पर हुआ पूजा-पाठ

वैसे तो 'भोज' एक ऐसा शब्द है जिसके मायने अनेक हो जाते हैं। 'भोज' शब्द से भोजपुरी भाषा की सम्पूर्णता होती है तो कई बार हम ग्रामीण इलाकों में इस भोज शब्द को खुशियों से




जोड़कर उसे पारिवारिक सामाजिक समारोह में बदल देते हैं। भोज खाने वाला सामूहिक उत्सव भी है और भोज से जुड़ा भोजपुर जिला का नाम भी है। वहीं भोजपत्र में भी भोज है तो अब शायद यही इसी में से किसी एक भोज को आधार बनाकर इस फ़िल्मि के पटकथा की संरचना की गई है। फ़िल्मि के कन्टेन्ट को लेकर निर्देशक का मानना है की इस भोज शब्द में छिपे रहस्य को तब तक रिवील ना किया जाए जबतक दर्शकों का अनुमान इसके विषय मे सटीक नहीं बैठता। इसीलिये यहां से उन्होंने भोज की महिमा बताने के लिए समाज मे भोज नाम से फ़िल्मि ही बनाने का निर्णय ले डाला। फ़िल्मि 'भोज' के निर्देशक चंदन सिंह का मानना है की यह भोज समाजिक विषयों को इंगित करती हुई एक बेहतरीन मनोरंजक फ़िल्मि साबित होगी। फ़िल्मि की शूटिंग इन दिनों उत्तरप्रदेश के गोरखपुर में शुरू हो गई है। इसी गोरखपुर और आसपास के इलाकों में आगामी 20 से 25 दिनों तक फ़िल्मि 'भोज' की शूटिंग चलेगी। फ़िल्मि में कुल सात बेहतरीन कर्णप्रिय गाने हैं जिन्हें संगीत और गीत का अच्छा सम्मिश्रण मिला हुआ है। फ़िल्मि 'भोज' में भोजपुरी फ़िल्मि जगत के कुछ बेहतरीन जाने माने चेहरे काम कर रहे हैं जिन्होंने इस फ़िल्मि के विषय वस्तु को लेकर काफी सकारात्मक रुख अपनाया हुआ है ।




फैशन वही जो चर्चा में रहे...

दुनिया की दो सबसे बड़ी पॉप सुपरस्टार टेलर स्विफ्ट और बेयोंसे अक्सर अंतरराष्ट्रीय दौरे पर रहती हैं। हाल ही में इन्होंने अपने शो में खुद को एक मॉडल की तरह पेश किया। मार्गोट रॉबी के ३बार्बीर प्रेस टूर ने सब कुछ गुलाबी कर दिया, और सोफिया रिची की फ्रांस के दक्षिण में हुई शानदार शादी ने इन दोनों को टिकटॉक सनसनी बना दिया। इन दोनों के परिधान देखकर फैशन जगत में कुछ लोगों ने मजाक उड़ाया तो कुछ दंग रह गए।

# ऐसे करें दही से चेहरे को डी-टैन, जानें क्या हैं फायदे

महिलाएं त्वचा को खूबसूरत बनाने के लिए न जाने कितने ही महंगे प्रोडक्ट्स तथा स्किन ट्रीटमेंट की मदद लेती हैं। बता दें कि स्किन को खूबसूरत बनाने के लिए डी-टैन का बहुत बड़ा रोल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि चेहरे को डी टेन करने से त्वचा की सबसे ऊपर वाली प्रदूषण से बनी लेयर पील हो जाती है।

दरअसल प्रदूषण से बनी ये लेयर स्किन को टैन करती हैं और भद्दा बनाती है। स्किन को डी टेन करने के लिए आप दही का इस्तेमाल कर सकती हैं। दही को डी-टैन करने के लिए तरह तरह से इस्तेमाल किया जाता है। आइए जानते हैं कि आप किस तरह से दही को चेहरे को डी-टैन करने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं।



### दही और बेसन

दही त्वचा को नमी देने का काम करती है। साथ बेसन का इस्तेमाल महिलाएं न जाने कितनी ही पीढ़ियों से करती आ रही है। घर पर चेहरे को डी-टैन करने के लिए आप इन दोनों इंग्रेडिएंट्स का मिश्रण बना कर चेहरे पर लगा सकती हैं और करीब 20 मिनट के बाद चेहरे को कॉटन की मदद से साफ कर पा सकती हैं निखरा और साफ चेहरा। बता दें कि अगर इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में करीब 2 से 3 बार तक करेंगी तो आपका चेहरा ग्लो करने लगेगा।

### दही और गुलाब जल

गुलाब जल का इस्तेमाल आज से नहीं बल्कि कई सदियों से किया जा रहा है। महिलाएं अपनी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए इसका इस्तेमाल किया करती थी। अगर आप घर पर ही डी-टैन कर स्किन ब्राइटनिंग करना चाहती हैं तो आप दही और गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको दही में 2 से 4 चम्मच गुलाब जल को दही में मिलाना होगा और फेस पैक की तरह इसे चेहरे पर लगा देना होगा। करीब 20 मिनट के बाद चेहरे को पानी की मदद से धो लें और पाएं टेन फ्री और ग्लोइंग चेहरा।

### दही और कॉफी

कॉफी का इस्तेमाल स्किन को एक्सफोलिएट करने के लिए किया जाता है। इसमें मौजूद पार्टिकल्स चेहरे पर मौजूद पोर्स को साफ करने में मदद करते हैं और स्क्रब के जरिए आपके चेहरे को प्रदूषण फ्री बनाते हैं। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में करीब 2 बार तक कर सकती हैं। करीब 5 मिनट तक हल्के हाथों से स्क्रब करने के बाद आप चेहरे को पानी की मदद से साफ कर लें ताकि आपका चेहरा साफ नजर आए।

# अपनी स्किन के हिसाब से ऐसे चुनें साड़ी का सही रंग, लगेंगी सबसे अलग

जब भी हम साड़ी खरीदने जाते हैं तो इसके लिए साड़ी डिजाइन और कलर का ध्यान रखते हैं। लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी है कि हम स्किन टोन का भी ध्यान रखें। क्योंकि कई सारे कलर ऐसे होते हैं जो हर एक स्किन टोन पर सूट नहीं करते हैं। इसलिए जब भी साड़ी खरीदें तो इस बात का ध्यान रखना आपके लिए बेहद जरूरी है। इससे आपकी स्किन भी अच्छी रहेगी साथ ही आप खूबसूरत नजर आएंगी।

### डार्क कलर साड़ी

अगर आप डार्क कलर साड़ी पहनना पसंद करती हैं तो ये बात आपके लिए जानना जरूरी है कि इस तरीके की साड़ी ब्राइट स्किन की लड़कियों पर काफी अच्छी लगती हैं। इसमें आप डार्क ब्लैक, ब्लू और ब्राउन शेड चूज कर सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें की आप चाहे तो बेज कलर वाली साड़ी भी स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आपको ऑनलाइन और मार्केट दोनों में ऑप्शन मिल जाएंगे। साड़ी के अलग-अलग कलर आप डिफरेंट फैब्रिक के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे अलग पैटर्न भी मिल जाएंगे।

### डबल शेड साड़ी

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें डबल शेड साड़ी पहनना काफी पसंद होता है। लेकिन इस तरीके की साड़ी (साड़ी में दिखे लंबी) गेहूं कलर वाली लड़कियों पर अच्छी लगती हैं। इसमें दोनों कलर इक्वल होता है। इसलिए इसमे स्किन टोन न ही डार्क नजर आता है और न ही लाइट दिखाई देता है। ऐसे में अगर आपका स्किन टोन भी ऐसा है तो ये साड़ी कलर आपके लिए परफेक्ट हैं। इसमें आप दिखेंगी भी खूबसूरत और सबसे अलग नजर आएंगी। इस तरीके की साड़ी में आपको कलर और पैटर्न भी अलग-अलग मिल जाएंगे।



# हेल्दी स्किन पाने के लिए करें अखरोट का इस्तेमाल, मिलेंगे कई फायदे

चेहरे की त्वचा का ख्याल रखने के लिए आपको रोजाना स्किन टाइप के हिसाब से रूटीन को फॉलो करना चाहिए और इसे जानने के लिए आप स्किन एक्सपर्ट की सलाह लें।

त्वचा को खूबसूरत और जवां रखने के लिए रोजाना समय-समय पर स्किन केयर करना बेहद जरूरी होता है। इसके अलावा त्वचा को हेल्दी रखने के लिए भी आपको एक्स्ट्रा केयर करने की आवश्कता होती है और इसके लिए हम अक्सर पार्लर जाकर कई तरीके के स्किन ट्रीटमेंट करवाते हैं।

बता दें कि इन ट्रीटमेंट पर पैसे खर्च करने की जगह अब आप घर पर पड़े ड्राई फ्रूट्स जैसे कि अखरोट की मदद से चेहरे की देखभाल कर सकती हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू महेश्वरी का कहना है कि चेहरे पर अखरोट को लगाने से आपको कई फायदे मिल सकते हैं। हेल्दी स्किन पाने के लिए अखरोट, चावल का आटा और विटामिन-ई कैप्सूल का इस्तेमाल करें।



### चेहरे पर अखरोट लगाने के फायदे

अखरोट त्वचा में कसाव लाने और एजिंग साइंस को कम करने में मदद करता है। चेहरे की त्वचा को ग्लोइंग बनाने में सहायता करता है।

### चावल के आटे को चेहरे पर लगाने के फायदे

चावल का आटा चेहरे पर मौजूद झाइयों को कम करने में मदद करता है। एजिंग साइंस को कम करने से लेकर जवां त्वचा पाने में बेहद लाभदायक होता है। यह त्वचा की अंदर मौजूद लेयर तक जाकर नमी पहुंचाने का काम करता है। साथ ही दाग-धब्बों के निशानों को कम करने में मदद करता है।

# लिप लाइनर को इन अलग-अलग तरीकों से करें इस्तेमाल, निखर उठेगा चेहरा

हर लड़की को यह पता होता है कि लिप लाइनर आपके लिप्स को एक ब्यूटीफुल लुक देता है। खासतौर से, मेकअप के दौरान लिप की शेप को अधिक मेकअप डिफाइन लुक देने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल किया जाता है। अमूमन महिलाएं अपनी लिपस्टिक के कलर के अनुसार लिप लाइनर का यूज करती हैं।

हालांकि, लिप लाइनर एक बेहद ही वर्सेटाइल ब्यूटी प्रोडक्ट है और एक ब्यूटी बफ गर्ल अगर चाहे तो इसे अपने मेकअप में कई तरीकों से यूज कर सकती है। एक लिप लाइनर पेंसिल की मदद से आप अपना पूरा फेस मेकअप कर सकती हैं। बस जरूरत है कि आप इसे अलग-अलग तरीकों से यूज करने के तरीके के बारे में जानें। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको लिप लाइनर को मेकअप में अलग-अलग तरीकों से यूज करने के कुछ अमेजिंग आइडियाज दे रही हैं-



### लिप लाइनर को बनाएं आई लाइनर

अगर आप एक लाइट मेकअप लुक कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में आप अपनी पसंद की लिप लाइनर शेड को बतौर आई लाइनर आइज पर लगा सकती हैं। आप इसे सिंपल लुक में भी अप्लाई कर सकती हैं। इसके अलावा, लिप लाइनर से कई अलग-अलग आईलाइनर लुक भी क्रिएट किए जा सकते हैं। मसलन, आप ब्लैक आईशैडो से आईलैशेज के ठीक उपर एक थिन लाइन बनाएं। अब अपनी पसंद के लिप लाइनर को इसके ठीक उपर लाइनर की तरह लगाएं। अब ब्रश की मदद लिप लाइनर को स्मज कर दें।

कार्नर न्यूज

## आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक, अच्छी ड्रेसिंग से मिलेगा

# जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए, आपको मिलेगा स्टाइलिश और मिनिमल लुक

*बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-*




### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था। ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो।

### .ग्राफिक जींस भी तो हैं न

ग्राफिक जींस भी ऐसी होती हैं जो हर जेंडर पर सूट करती हैं। इसको कई बार लोग थोड़ी ढीली पहनते हैं और इसके साथ स्किनी जींस से लुक पूरा करते हैं। लेकिन ये टी शर्ट स्ट्रेट जींस के साथ भी बेहतरीन लगती हैं। लेकिन हां, इन टी शर्ट के साथ ब्लू जींस पहनकर आप ऊब चुके हैं तो आप ग्रे जींस भी चुन सकते हैं।ग्रे जींस के साथ हलके रंग की टी शर्ट ही नहीं डार्क कलर की टीशर्ट भी अच्छी लगती हैं। ग्राफिक का लुक आप खुद ही चुन सकते हैं। इस लुक पर फ्लोरोसेंट कलर वाली टीशर्ट भी अच्छी लगती हैं।इसलिए अगर अभी तक आप इन रंगों को पहनने से बचते थे तो अब ऐसा न कीजिए। अब इनको भी लुक में आराम से शामिल कीजिए।

### बरमूडा के साथ हवाईयन शर्ट

वो गोवा वाली शर्ट तो आपको याद ही होंगी, जो आपने खासतौर पर इस ट्रिप पर पहनी थीं। इस शर्ट को ही हवाईयन शर्ट कहते हैं। ये वही शर्ट है जो किसी एक जेंडर की बात नहीं कहती है बल्कि ये तो जेंडर न्यूट्रल होती हैं। इन शर्ट को आप बरमूडा के साथ पहनें।

### कैनवास शूज भी हैं जेंडर न्यूट्रल



कैनवास शूज आपने खूब पहने होंगे लेकिन क्या आप जानते थे कि ये जेंडर न्यूट्रल हैं?नहीं न। लेकिन अब जान लीजिए। ये जूते किसी भी जेंडर के लुक को बेहतर कर देते हैं। ये ड्रेसिंग के हर लुक को भी बेहतर कर देते हैं। इसलिए जब भी आप कैजुअल लुक में तैयार हों तो इन जूतों को ही पहनें। बेहतरीन लुक के साथ ये आरामदायक भी होते हैं।

### ओवरसाइज कपड़े

ओवरसाइज कपड़े आजकल का फैशन है। ये भी जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा हैं। इसमें आपका फिगर पूरी तरह से छुप जाता है और आप फेमिनिन या मस्कुलिन वाले खांचे में फिट आते ही नहीं हैं। इसके लिए आप चाहें तो प्लेन शर्ट पहनें या फिर डार्क कलर की शर्ट को ढीली पैंट्स के साथ पहनें। इसके साथ स्नीकर का लुक काफी अच्छा लगेगा।